पाक्षिक

# क्रांतिरथ छत्तीसगढ़

सामाजिक क्रांति के पथ पर अग्रसर

▲◆ वर्ष - 22 ◆ अंक - 17 ◆ रायपुर 05 मार्च 2026 ◆ पृष्ठ - 16 ◆ मूल्य-5/- रुपया

## केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मिले उपमुख्यमंत्री शर्मा



रायपुर। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने के अपने नागपुर प्रवास के दौरान भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से महत्वपूर्ण मुलाकात कर राष्ट्रीय राजमार्ग-30 (NH-30) के धवईपानी (चिल्फी) से कवर्धा होते हुए सिमगा तक लगभग 122 किलोमीटर लंबे सेक्शन को 4-लेन में उन्नत करने तथा कवर्धा बाईपास (4L+PS) के निर्माण की स्वीकृति का आग्रह किया। केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी ने इस प्रस्ताव को सकारात्मक रूप से स्वीकार करते हुए शीघ्र आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया। उन्होंने केंद्रीय मंत्री गडकरी को बताया कि हाल ही में एनएच - 30 के जबलपुर से मंडला एवं चिल्फी तक लगभग 160 कि.मी. के सेक्शन को 4-लेन में विकसित करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। वर्तमान में चिल्फी (धवईपानी) से कवर्धा तथा कवर्धा गुरूनाला से सिमगा तक का मार्ग 10 मीटर चौड़ाई की 2-लेन सड़क के रूप में निर्मित है। चिल्फी से रायपुर मार्ग पर वर्तमान में व्यावसायिक एवं भारी वाहनों का अत्यधिक आवागमन होता है। जबलपुर-मंडला-चिल्फी सेक्शन के 4-लेन बनने के बाद यातायात का दबाव आगे के 2-लेन सेक्शन पर और अधिक बढ़ने की संभावना है। ऐसी स्थिति में लोक सुरक्षा एवं यातायात सुगमता के दृष्टिकोण से धवईपानी (चिल्फी) से सिमगा (रायपुर) तक के पूरे सेक्शन को 4-लेन में उन्नत करना अत्यंत आवश्यक हो गया है।

### सतनामी एवं आदिवासी समाज के सामुदायिक भवन के लिए 50-50 लाख रुपए की घोषणा

**मुख्यमंत्री श्री साय ने बटन दबाकर किसानों के खातों में की 10 हजार 324 करोड़ रुपए की राशि अंतरित**

# किसानों के सम्मान और समृद्धि के लिए सरकार प्रतिबद्ध - मुख्यमंत्री



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बिल्हा विकासखण्ड के रहंगी में कृषक उन्नति योजना अंतर्गत आयोजित आदान सहायता राशि वितरण समारोह एवं वृहद किसान सम्मेलन में प्रदेश के 25.28 लाख किसानों के खातों में 10 हजार 324 करोड़ रुपए से अधिक की राशि का अंतरण किया। इनमें बिलासपुर जिले के 1 लाख 25 हजार 352 किसान शामिल हैं, जिनके खातों में 494.38 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की गई। मुख्यमंत्री ने जिले के विकास को नई गति देते हुए 15.99 करोड़ रुपए की लागत से पूर्ण हुए 7 विकास कार्यों का लोकार्पण तथा 247.18 करोड़ रुपए की लागत के 82 विकास कार्यों का शिलान्यास किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय सहित अन्य अतिथियों का खुमरी और नांगर भेंटकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में 'कृषक उन्नति योजना का वरदान, छत्तीसगढ़ का हर किसान धनवान' थीम पर आधारित वीडियो का विमोचन भी किया गया। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि आज का दिन किसान भाइयों के सम्मान का दिन है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 25 लाख 28 हजार से अधिक किसानों ने धान बेचा है और कृषक उन्नति योजना के माध्यम से आज 10 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि किसानों के खातों में अंतरित की गई है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि किसान भाई होली का त्योहार अच्छे से मनाएं, इसलिए होली के पूर्व यह राशि प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारी सरकार किसान हितैषी सरकार है और किसानों की चिंता करते हुए उनके लिए प्रगतिशील योजनाएं लाई गई हैं।

**263.17 करोड़ के 89 कार्यों के लोकार्पण-शिलान्यास से जिले को मिलेगी विकास की नई रफ्तार**





### रायपुर प्रेस क्लब के होली मिलन समारोह 'रंगोत्सव' में मुख्यमंत्री हुए शामिल

# होली सद्भाव, अपनत्व और गिले-शिकवे भुलाने का पर्व है - मुख्यमंत्री

*रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय रायपुर प्रेस क्लब द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह रंगोत्सव एवं महामूर्ख सम्मेलन 2026 में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है, बल्कि यह आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे को सुदृढ़ करने का पावन अवसर भी है। यह पर्व हमें छोटी-छोटी अनबन और गिले-शिकवे भुलाकर नए सिरे से संबंधों को मजबूत करने की प्रेरणा देता है।*





मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि रायपुर प्रेस क्लब में पर्वों को मिल-जुलकर मनाने की एक गौरवशाली परंपरा रही है। रायपुर प्रेस क्लब वर्षों से होली मिलन और सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से सामाजिक सद्भाव को मजबूत करने का कार्य कर रहा है, यह परंपरा आगे भी निरंतर जारी रहनी चाहिए। उन्होंने प्रेस क्लब परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कामना की कि यह उल्लासपूर्ण पर्व सभी के जीवन में नई ऊर्जा, उत्साह और सकारात्मकता लेकर आए।



इस दौरान रायपुर प्रेस क्लब के सदस्यों ने मुख्यमंत्री श्री साय का अनूठे अंदाज में मिर्ची की माला पहनाकर तथा त्रिशूलनुमा पिचकारी भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने प्रेस क्लब के होली विशेषांक 'सेंसलेस टाइम्स' का विमोचन भी किया।

### मुख्यमंत्री साय ने बजाया नगाड़ा, रंगों के उल्लास में झूमे पत्रकार

*होली मिलन समारोह में उमंग का तब अनोखा वातावरण देखने को मिला, जब मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने स्वयं नगाड़ा बजाकर उत्सव का जोश दोगुना कर दिया। मुख्यमंत्री के नगाड़ा बजाते ही समारोह में उपस्थित पत्रकारों और अतिथियों ने तालियों से उत्साह व्यक्त किया और पूरे परिसर में आनंद की लहर दौड़ गई। पारंपरिक ढोल-नगाड़ों की धुन पर मुख्यमंत्री भी पत्रकार साथियों के साथ फाग गीतों और होली के उल्लास में सहभागी बने। कार्यक्रम में संगीत, संस्कृति और आपसी भाईचारे का सुंदर संगम देखने को मिला।*

# जनदर्शन में कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने आमजन की समस्याएं सुनीं

## जनदर्शन में प्राप्त हुए 21 आवेदन, कई मामलों का मौके पर निराकरण

**ब्यूरो चीफ: अनिल सिंघानिया**



**बेमेतरा।** जिले में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से प्रत्येक सोमवार को आयोजित होने वाले जनदर्शन कार्यक्रम के अंतर्गत आज कलेक्टरेट स्थित दृष्टि सभा कक्ष में जनदर्शन का आयोजन किया गया। जनदर्शन में कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं।

जनदर्शन के दौरान नागरिकों ने अपनी विभिन्न मांगों, शिकायतों एवं समस्याओं को प्रशासन के समक्ष रखा। कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशीलता के साथ संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को दूरभाष पर एवं समक्ष बुलाकर प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। कई प्रकरणों का समाधान मौके पर ही किया गया।

आज आयोजित जनदर्शन में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 21 आवेदन प्राप्त हुए। तात्कालिक महत्व के मामलों का प्राथमिकता से निराकरण किया गया, जबकि गंभीर एवं जांच योग्य आवेदनों को समय-सीमा (टीएल) पंजी में दर्ज कर नियमानुसार शीघ्र निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

जनदर्शन में निराश्रित एवं वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन, बैटरी चालित ट्रायसायकल, प्रधानमंत्री आवास योजना, कटा हुआ रकबा जोड़ने, खाद गड्ढा हटाने, आम रास्ता खुलवाने सहित अन्य जनहित से जुड़े विषयों पर आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने सभी आवेदकों को उनकी समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री प्रकाश कुमार भारद्वाज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे, जिससे जनदर्शन की प्रक्रिया सुचारू एवं प्रभावी रही।

# श्रीमद्भागवत कथा में शामिल हुए विधायक ईश्वर साहू



ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखमरिया।** समीप ग्राम बरहापुर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा कार्यक्रम में साजा विधायक ईश्वर साहू शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक ने मंच पर पहुंचकर श्रीमद्भागवत पुराण का विधिवत पूजन-अर्चन किया तथा कथावाचक राजीव लोचन महाराज का साल-श्रीफल भेंट कर पुष्पहार से स्वागत किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात विधायक ने कथा का रसपान किया।

विधायक ईश्वर साहू ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा आदर्श जीवन का सार है। भगवान श्रीकृष्ण द्वारा बताए गए मार्ग पर चलकर ही समाज और देश का कल्याण संभव है। उन्होंने कहा कि भागवत से हमें अच्छाइयों को अपनाने तथा बुराइयों को त्यागने की प्रेरणा मिलती है। जब हम अच्छे विचारों और सद्कर्मों का अनुसरण करेंगे तभी समाज में शांति और सद्भाव की स्थापना होगी।

कार्यक्रम में कथा श्रवण हेतु आसपास के ग्रामों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। इस अवसर पर हजारों की संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे और भक्ति भाव के साथ कथा का आनंद लिया।

# अश्वनी शर्मा ने नंगाड़ा पीटकर कर्मचारियों के साथ मनाई होली

**भाटापारा।** नगर पालिका प्रांगण में होली के पूर्व 01 मार्च को कर्मचारियों ने होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें बड़ी संख्या में कर्मचारी व पार्षदों ने नंगाड़ा पीटकर फाग गीत गाते हुए जमकर गुलाल रंग उड़ाये जिसमें पालिका अध्यक्ष सहित पार्षद व कर्मचारी नंगाड़ो की थाप व फाग गीत पर थिरकने के लिए मजबुर हो गये। ग्राम कौशलपुर कोलिहा से आये नंगाड़ा वादको ने ऐसी नंगाड़ा की धुन पर गीत व नंगाड़ा बजाया की संपूर्ण वातावरण होली की खुशनुमा



माहौल में डुब गया अनेक पार्षदो और सभापतियों ने इस दौरान जमकर नृत्य करके खुशिया मनाई व एक दुसरे को होली की बधाई दी इस दौरान पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि होली का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है इसलिए हमे शांतिपूर्ण तौर तरीके से बिना पर्यावरण को नुकसान पहुंचाये होली मनाना है। उन्होंने आपसी मद्ज़ेद को भुलाकर भाईचारे के साथ होली मनाने की अपील लोगो से की है। उक्त कार्यक्रम में अश्वनी शर्मा , सतीश तलरेजा , नंदकिशोर वैष्णव , उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया , सुरेश मंधान ,ठाकुर राम साहू , मनीष पंजवानी , लक्ष्मीकांत टंडन , अजय ठाकुर , भुवन सिंग ठाकुर , नरेन्द्र यदु , उमाशंकर , अजय नायडु सहित तमाम अन्य कर्मचारी व छोटे बड़े सभी नेता कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पूर्व विधायक लाभचंद बाफना ने दशगात्र कार्यक्रम में पहुंचकर दी श्रद्धांजलि



**थानखमरिया।** समीपस्थ ग्राम पलेनी में मंडल अध्यक्ष केशव पटेल के भतीजे तेखन पटेल के दशगात्र कार्यक्रम में पूर्व विधायक एवं पूर्व संसदीय सचिव लाभचंद बाफना शामिल हुए। उन्होंने दिवंगत तेखन पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा शोकाकुल परिवार से भेंट कर गहरी संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर श्री बाफना ने कहा कि इस अपार दुख की भरपाई संभव नहीं है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं शोक संतप्त परिवार को इस दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। उन्होंने कहा कि वे इस दु:ख की घड़ी में शोकाकुल परिवार के साथ सदैव खड़े रहेंगे। इसी क्रम में समीप ग्राम सिंघनपुरी में मनोज यादव की सुपुत्री चम्मी यादव के आकस्मिक निधन पर पूर्व विधायक लाभचंद बाफना उनके निवास पहुंचे और परिजनों से मुलाकात कर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, जिला महामंत्री राजेश ठाकुर, साजा मंडल अध्यक्ष घनश्याम सिंह राजपूत, आदर्श जोशी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।


## रजिस्ट्रेशन ऑफ न्यूज पेपर (सेंट्रल) रुल्स 1956 के अंतर्गत ''क्रांतिरथ छत्तीसगढ़'' के संबंध में स्वामित्व तथा अन्य विवरण विषयक जानकारी

### घोषणा पत्र फार्म -4 (नियम 8)

| | |
|---|---|
| 1. प्रकाशन स्थल | कबीर नगर |
| 2. प्रकाशन का क्रम | पाक्षिक |
| 3. मुद्रक नाम | नारायण भूषणिया |
| नागरिकता | भारतीय |
| पता | एच.डी.डी./49, फेस-2 मेन रोड, कबीर नगर रायपुर |
| 4. प्रकाशक का नाम | नारायण भूषणिया |
| नागरिकता | भारतीय |
| पता | एच.डी.डी./49, फेस-2 मेन रोड, कबीर नगर रायपुर |
| 5. संपादक का नाम | नारायण भूषणिया |
| नागरिकता | भारतीय |
| 6. पत्र का स्वामित्व | नारायण भूषणिया |
| भागीदार अथवा अधिक पूंजी वाले हिस्सेदार | |
| नागरिकता | भारतीय |
| पता | एच.डी.डी./49, फेस-2 मेन रोड, कबीर नगर रायपुर |

मैं स्वामी नारायण भूषणिया घोषित करता हूं कि उपरोक्त विवरण मेरी जानकारी व विश्वास के अनुसार सत्य है।

(नारायण भूषणिया)
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक,

दिनांक: 05 मार्च 2026

# नारी शक्ति का नया युग और वास्तविक चुनौतियां



**न**ये युग की समस्याएं जैसे जलवायु परिवर्तन, युद्ध, आतंकवाद, गरीबी और डिजिटल असमानता भी महिलाओं के लिए नई चुनौतियाँ खड़ी कर रही हैं। यदि इन समस्याओं पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले दशकों में करोड़ों महिलाएँ और लड़कियाँ अत्यधिक गरीबी की ओर धकेली जा सकती हैं।

मानव सभ्यता के विकास की कथा में यदि किसी शक्ति ने सबसे अधिक सृजन किया है, तो वह नारी शक्ति है। वह जीवन की जननी है, संस्कृति की वाहक है और समाज की संवेदनशील आत्मा है। भारतीय परंपरा ने नारी को केवल एक सामाजिक भूमिका तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे 'माता' के रूप में सर्वोच्च आदर दिया। 'मातृदेवो भव:' की वाणी से लेकर 'जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी' की घोषणा तक हमारी संस्कृति में नारी के प्रति श्रद्धा का अद्वितीय भाव दिखाई देता है। यही कारण है कि भारत में धरती, गौ और मातृभूमि तक को 'माता' कहकर संबोधित किया गया। किन्तु विडम्बना यह है कि जिस समाज ने नारी को देवी का दर्जा दिया, उसी समाज में आज भी नारी असुरक्षा, भेदभाव और हिंसा का सामना कर रही है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2026 हमें केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं देता, बल्कि यह अवसर देता है कि हम नारी की वास्तविक स्थिति का गंभीर आत्ममंथन करें। विश्व स्तर पर किए गए अध्ययनों से यह स्पष्ट होता है कि नारी की स्थिति में प्रगति अवश्य हुई है, किन्तु समानता, सुरक्षा एवं स्वतंत्रता की यात्रा अभी लंबी है। विश्व आर्थिक मंच की ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2025 के अनुसार विश्व में लैंगिक समानता का लगभग 68.8 प्रतिशत अंतर ही समाप्त हो पाया है, अर्थात् अभी भी लगभग एक तिहाई अंतर शेष है। आर्थिक भागीदारी के क्षेत्र में यह अंतर सबसे अधिक है, जहाँ समानता केवल लगभग 61 प्रतिशत तक ही पहुँची है।

वर्ल्ड इकनोमिक फोरम कि स्थिति बताती है कि शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में तो महिलाएँ लगभग बराबरी के स्तर तक पहुँच गई हैं, परंतु आर्थिक अवसरों और राजनीतिक नेतृत्व में अभी भी उनकी भागीदारी सीमित है। वैश्विक स्तर पर महिलाएँ कुल कार्यबल का लगभग 42 प्रतिशत ही हैं और शीर्ष प्रबंधकीय पदों पर उनकी हिस्सेदारी लगभग एक–तिहाई के आसपास है। भारत में भी स्थिति मिश्रित है। एक ओर भारतीय महिलाएँ अंतरिक्ष, विज्ञान, सेना, राजनीति और प्रशासन में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ प्राप्त कर रही हैं, वहीं दूसरी ओर श्रम बाजार में उनकी भागीदारी अभी भी कम है। हाल के आँकड़ों के अनुसार भारत में महिला श्रम भागीदारी दर लगभग 32 प्रतिशत है और बड़ी संख्या में महिलाएँ घरेलू दायित्वों के कारण रोजगार से बाहर रहती हैं। बिजनेस स्टैंडर्ड के यह आँकड़े केवल संख्या नहीं हैं, यह समाज की संरचना, सोच और अवसरों की असमानता को उजागर करते हैं। आज दुनिया के अनेक देशों में महिलाएँ राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, वैज्ञानिक, सैन्य अधिकारी और उद्योगपति के रूप में नेतृत्व कर रही हैं। भारत में भी राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, वैज्ञानिक और फाइटर पायलट के रूप में महिलाओं की उपस्थिति इस परिवर्तन का प्रमाण बनी है और बन रही है। किंतु इसके साथ यह भी सत्य है कि दुनिया में अभी भी केवल सीमित देशों में ही महिलाएँ सर्वोच्च राजनीतिक पदों पर हैं और समान वेतन का प्रश्न अभी भी अधूरा है। कई अंतरराष्ट्रीय अध्ययनों के अनुसार महिलाओं को समान कार्य के लिए पुरुषों की तुलना में औसतन कम वेतन मिलता है। एक और चिंताजनक तथ्य यह है कि संघर्ष, युद्ध और संकट की स्थितियों का सबसे अधिक दुष्प्रभाव महिलाओं पर पड़ता है। हाल के वैश्विक अध्ययनों के अनुसार 2024 में लगभग 67 करोड़ महिलाएँ ऐसे क्षेत्रों में रह रही थीं जो किसी न किसी प्रकार के हिंसक संघर्ष से प्रभावित थे। नये युग की समस्याएं जैसे जलवायु परिवर्तन, युद्ध, आतंकवाद, गरीबी और डिजिटल असमानता भी महिलाओं के लिए नई चुनौतियाँ खड़ी कर रही हैं। यदि इन समस्याओं पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले दशकों में करोड़ों महिलाएँ और लड़कियाँ अत्यधिक गरीबी की ओर धकेली जा सकती हैं।



अतिथि संपादक - ललित गर्ग

# रंगोत्सव होली के सियासी और सांस्कृतिक मायने

**भा**रत में होली का राजनीतिक महत्व बहुत अधिक है जो सामाजिक एकता से सांस्कृतिक ध्रुवीकरण तक फैला हुआ है, जहां यह हिंदुत्व का प्रतीक और चुनावी मुद्दा बन जाता है। अतीत में झांकें तो ऐतिहासिक रूप से मुगल काल में यह रंगपर्व सांस्कृतिक समन्वय का प्रतीक भी बना रहा, जबकि आज यह सियासी रंग ले लेता है।



रंगपर्व होली भले ही भारतीय सभ्यता-संस्कृति से अनुप्राणित है, लेकिन गुलामी काल में यह पाश्चात्य सभ्यता-संस्कृति के सामाजिक दुष्प्रभाव से भी यह अछूती नहीं बची है। आमतौर पर यह रंगोत्सव देश-दुनिया में हंसी ठिठोली का त्योहार समझा जाता है। इस दौरान आमलोगों में रंग-गुलाल खेलने के साथ-साथ मीठे पकवानों, नमकीन मांसाहारों और नशीले पदार्थों के सेवन जैसे (भांग), द्रव्य (शराब) और गैस (गांजा) का प्रयोग बहुतायत में देखने को मिलता है जिससे लोग झूम उठते हैं।

आमतौर पर शुद्र यानी सेवक पर्व होली आपसी प्रेम और सौहार्द का प्रतीक है, जब घोर दुश्मन भी एक दूसरे के गले मिलने से नहीं हिचकते हैं। बदलते जमाने के अनुरूप लोकपर्व होली का रंगोत्सव भारतीय राजनीति में व्यक्तित्व ब्रांडिंग का भी पर्याय बन चुका है। यह वसंत पर्व अब सामाजिक-राजनीतिक ध्रुवीकरण, सांप्रदायिक तनाव और चुनावी रणनीति का प्रतीक बन गया है। लोकतांत्रिक भारत में यह प्रवृत्ति वर्ष दर वर्ष गहराती जा रही है। खासकर 2026 में ही बिहार, यूपी और अन्य राज्यों में नेताओं के बड़बोले बयानों ने इसे और उभार दिया। इससे सांप्रदायिक विवाद को भी बढ़ावा मिला।

जहां बीजेपी विधायकों और अधिकारियों ने मुस्लिम समुदाय से होली पर घर में रहने या नमाज स्थगित करने की अपील की, जिससे विपक्ष ने ध्रुवीकरण का आरोप लगाया। वहीं यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हुड़दंगियों पर सख्ती का संदेश दिया, जबकि बिहार में शराबबंदी पर बहस ने इसे राजनीतिक रंग से जोड़ा। कहना न होगा कि अब ये बयान हिंदुत्व के सियासी एजेंडे को मजबूत करने की भरपूर कोशिश दिखाते हैं। इससे चुनावी रणनीति भी प्रभावित होती है। बिहार में राज्यसभा चुनाव के दौर में होली पर नेताओं ने रंग खेलकर वोटरों से जुड़ने की कोशिश की। उधर, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के होली बहिष्कार के ऐलान पर बीजेपी ने हिंदू विरोधी करार दिया।

देखा जाए तो ऐसे विवाद आने वाले चुनावों में सामाजिक ध्रुवीकरण का हथियार बन सकते हैं। लिहाजा इन्हें काबू में करने के लिए पुख्ता प्रशासनिक इंतजाम किये गए हैं। खासकर राज्यों में पुलिस ने सांप्रदायिक तनाव, स्टंटबाजी और अराजकता रोकने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया। सिर्फ दिल्ली में ही 15,000 जवान, ड्रोन और सीसीटीवी से निगरानी हो रही है। इजरायल-ईरान युद्ध के मद्देनजर पूरे देश में ऐसी ही निगरानी की जा रही है। ऐसे में यह सब इस महत्वपूर्ण त्योहार को शांतिपूर्ण बनाए रखने की चुनौती को भी दर्शाता है।

भारत में होली का राजनीतिक महत्व बहुत अधिक है जो सामाजिक एकता से सांस्कृतिक ध्रुवीकरण तक फैला हुआ है, जहां यह हिंदुत्व का प्रतीक और चुनावी मुद्दा बन जाता है। अतीत में झांकें तो ऐतिहासिक रूप से मुगल काल में यह रंगपर्व सांस्कृतिक समन्वय का प्रतीक भी बना रहा, जबकि आज यह सियासी रंग ले लेता है। ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में यदि नजर डालें तो तो मौर्य काल से मुगल काल तक होली भव्यता से मनाई जाती थी, जहां अशोक और अकबर जैसे शासक खुद भी इसमें भाग लेते थे। तब भी यह सामाजिक बाधाओं को तोड़ने का अवसर था, और आज भी यह जाति-वर्ग भेद मिटाकर सामाजिक एकता और साम्प्रदायिक सद्भाव का संदेश देता था। आज आधुनिक समय में भी होलिका दहन बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक बनकर राजनीतिक संदेशों से जुड़ गया है। आधुनिक राजनीतिकरण की प्रवृत्ति में बीजेपी जैसे दल इसे हिंदू एकता के प्रतीक के रूप में प्रचारित करते हैं, जबकि विपक्ष बहिष्कार जैसे बयानों को ध्रुवीकरण बताता है। वर्ष 2026 में छत्तीसगढ़, बिहार में नेताओं के बयानों ने सांप्रदायिक तनाव बढ़ाया है। चुनावी वर्षों में रंग खेलना वोटर जुड़ाव की रणनीति है। जहां तक सामाजिक प्रभाव की बात है तो होली अब हुड़दंग या सांस्कृतिक एजेंडे से जोड़कर देखी जाती है, जो सामूहिकता को राजनीतिक लाभ में बदल देती है। यह प्रेम-एकता का संदेश देने के बजाय धार्मिक भावनाओं को उकसाने का माध्यम बन चुका है।

खासकर नेताओं द्वारा होली पर रंग लगाने की परंपरा अब आधुनिक राजनीतिक प्रचार का हिस्सा बन चुका है, जो भगवान श्रीकृष्ण द्वारा शुरू की गई पौराणिक रंग खेलने की प्रथा से अभिप्रेरित है। वर्तमान दौर में यह जनता से सीधा जुड़ाव बनाने और निज छवि सुधारने की रणनीति के तौर पर देखा जाने लगा है। पौराणिक आधार पर यदि गौर फरमाएं तो रंग लगाने की परंपरा द्वापर युग से कृष्ण-राधा लीला से जुड़ी है, जहां कृष्ण ने अपनी मां यशोदा के सुझाव पर राधा को रंग लगाकर समानता का संदेश दिया। इसलिए ब्रज क्षेत्र में यह प्रथा लोकप्रिय हुई, जो बाद में पूरे भारत में फैली है। प्राचीन काल में प्राकृतिक रंग जैसे टेसू के फूलों से शुरू हुई यह परंपरा सामाजिक एकता का प्रतीक बनी। बाद में राजनीतिक लोगों ने भी इसे अपनाना शुरू कर दिया।आजादी के बाद नेताओं ने इसे चुनावी लाभ के लिए अपनाया; पंडित नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, अटल बिहारी बाजपेयी से लेकर वर्तमान नेता जैसे नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ तक रंग खेलकर जनसंपर्क बढ़ाने की परंपरा अनवरत रूप से जारी है। तमाम वृत्तांत पढ़े देखे सुने जा सकते हैं। 2026 में बिहार, यूपी में राज्यसभा चुनावों के दौरान चिराग पासवान जैसे नेताओं ने इसे वोटर जुड़ाव के हथियार बनाया। यह हिंदुत्व एजेंडे को मजबूत करने और ध्रुवीकरण का माध्यम भी बन गया। जहां तक सामाजिक प्रभाव की बात है तो यह परंपरा दुश्मनी भुलाने का संदेश देती है, लेकिन सियासत में ध्रुवीकरण बढ़ाती है। नेताओं के रंग लगाने से पार्टी कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ता है, पर सांप्रदायिक विवाद भी जन्म लेते हैं। होली भारतीय संस्कृति में सामाजिक समरसता, प्रेम और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। यह वसंत ऋतु के आगमन के साथ नई शुरुआत और सामूहिक आनंद का उत्सव है। इससे सामाजिक एकता मजबूत होती है। सच कहूं तो रंगों की होली जाति, वर्ग और लिंग की बाधाओं को तोड़ती है, जहां सभी एक-दूसरे को गले लगाते हैं और पुरानी कटुता भुला देते हैं। खासकर ब्रज की लठमार होली जैसी परंपराएं महिलाओं की सशक्तता और कृष्ण-राधा के प्रेम को दर्शाती हैं। यह भाईचारा और सौहार्द्र का संदेश देती है। जहां तक आध्यात्मिक महत्व की बात है तो होलिका दहन अधर्म पर धर्म की विजय दिखाता है, जो प्रह्लाद की भक्ति से प्रेरित है। यह हिरण्यकश्यप की पुत्र प्रताड़ना से मुक्ति का पर्व है। वाकई, होली के रंगों में प्रेम (लाल), ज्ञान (पीला) और समृद्धि (हरा) के प्रतीक हैं, जो अद्वैत की भावना जगाते हैं। कृष्ण की लीला से जुड़ी यह भक्ति और आनंद का संगम है। इसमें कृषि और पर्यावरण के लिए भी संदेश है।

- कमलेश पांडे

# होली एवं रमजान पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

ब्यूरो चीफ अनिल सिंघानिया

थानखमरिया। होली एवं रमजान पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने आपसी भाईचारे और समन्वय के साथ पर्व मनाने की अपील की तथा हुड़दंगियों व असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने की बात कही।



बैठक में नायब तहसीलदार प्रदीप तिवारी, थाना प्रभारी चंद्रदेव वर्मा, उप निरीक्षक ओंकार प्रसाद साहू तथा नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि चंदन अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दोनों पर्वों को आपसी सौहार्द, भाईचारे एवं समन्वय के साथ मनाने की अपील की।

थाना प्रभारी चंद्रदेव वर्मा ने नागरिकों से किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने तथा संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को देने का आग्रह किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि अशांति फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। चोरी-छिपे शराब बिक्री, सार्वजनिक स्थानों पर नशे का सेवन अथवा अभद्र व्यवहार करने वालों पर कठोर कदम उठाए जाएंगे। बैठक में जनप्रतिनिधियों एवं प्रबुद्ध नागरिकों से क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी ली गई तथा उनके सुझाव भी सुने गए। जनप्रतिनिधियों की ओर से आश्वस्त किया गया कि क्षेत्र में होली पर्व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जाएगा। नायब तहसीलदार प्रदीप तिवारी ने शांति, सद्भाव एवं भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की। इस अवसर पर ग्राम पटेल करण सिंह भुवाल, अनिल सिंघानिया, पुरुषोत्तम अग्रवाल, गौरव बिंदल, डॉ. गोविंद शर्मा, गिरधारी निर्मलकर (सरपंच), चंद्रशेखर राजपूत, हेमंत साहू (जनपद सदस्य), हेमराज साहू, पुरुषोत्तम वर्मा, चेतन साहू, भैया राम लहरे, रोहित सूरजपाल (पार्षद), हरदत साहू (सरपंच), सुरचंद वर्मा, आरिफ बेग, योगेंद्र सिंह, गुलाब राम साहू, चंदेल सिंह सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।





# नगर में फाग उत्सव की धूम, भजनों पर झूमे श्रद्धालु

ब्यूरो चीफ अनिल सिंघानिया

थान खमरिया। नगर के अटल चौपाटी परिसर में पुरुषोत्तम अग्रवाल फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित फाग उत्सव में श्रद्धा, उल्लास और सांस्कृतिक रंग देखने को मिला। इस अवसर पर आसपास के ग्रामीण अंचलों से आई फाग मंडलियों ने पारंपरिक भजनों की सुंदर प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम में ग्राम राउतपारा, गाटापार, पैलपार एवं सिंघौरी सहित अन्य गांवों की फाग मंडलियों ने सहभागिता की। मंडलियों द्वारा **"म्हारी होली आई रे सांवरिया"**, **"रंग मत डालो"**, **"दो दो गुजरिया के बीच में अकेले सांवरिया"** जैसे पारंपरिक फाग भजनों की प्रस्तुति दी गई। भजनों पर श्रद्धालुओं ने नृत्य किया तथा एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की खुशियां मनाईं। होली पर्व के पूर्व विगत दो वर्षों से यह सप्ताहभर चलने वाला सांस्कृतिक फाग उत्सव आयोजित किया जा रहा है। यह पर्व हिंदू धर्म का प्रमुख त्योहार है, जो बसंत ऋतु के आगमन एवं धर्म की विजय का प्रतीक माना जाता है। यह उत्सव समाज में प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश देता है।



इस आयोजन का संचालन नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनीता चंदन अग्रवाल के संरक्षण में किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन रामसनेही नामदेव, चेतन सिन्हा, टीकम अग्रवाल, जितेंद्र सिन्हा, संतोष तेली, घसिया निषाद एवं रूद्रेश अग्रवाल द्वारा किया जा रहा है।

फाग उत्सव में नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में नागरिक शामिल होकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद ले रहे हैं।



# लंबित प्रकरणों का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता से करें - कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं

## जिला कार्यालय में समय-सीमा बैठक आयोजित, विभागवार गहन समीक्षा

**बेमेतरा।** जिला कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों की विभागवार गहन समीक्षा की। बैठक में प्रशासनिक कार्यप्रणाली में कसावट लाने, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति पर विशेष जोर दिया गया।



### निर्धारित समयावधि में हो लंबित प्रकरणों का निराकरण

कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विभाग अपने-अपने लंबित प्रकरणों का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ निर्धारित समय-सीमा में सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विभागों में पुराने लंबित मामलों की फाइलों का परीक्षण कर शीघ्र निराकरण किया जाए तथा किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब न हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रकरणों के निपटारे में समय-सीमा का विशेष ध्यान रखें और तय अवधि के भीतर कार्य पूर्ण करें।

### योजनाओं के क्रियान्वयन में लाएं प्रगति

बैठक में कलेक्टर ने शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं, विशेषकर प्रधानमंत्री आवास योजना, जाति प्रमाण पत्र जारी करने सहित अन्य विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और परिणामोन्मुख बनाया जाए, ताकि पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ मिल सके।

### लापरवाही पर होगी अनुशासनात्मक कार्रवाई

कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि यदि बिना किसी ठोस कारण के कार्यों में देरी पाई जाती है तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आम नागरिकों द्वारा सीधे कलेक्टर कार्यालय में प्रस्तुत शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए।

### समन्वय से सुलझाएं प्रकरण

बैठक में अंतर-विभागीय समन्वय पर भी जोर दिया गया। कलेक्टर ने कहा कि जिन मामलों में विभिन्न विभागों के बीच समन्वय की आवश्यकता हो, वहां आपसी सहयोग से त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण न केवल सरकारी कार्यक्षमता को प्रदर्शित करता है, बल्कि शासन के प्रति आम जनता के विश्वास को भी मजबूत करता है।

### जवाबदेही तय कर लाएं परिणाम

*कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने सभी अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जवाबदेही सुनिश्चित करने और अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता जनहित से जुड़े कार्यों को समय पर पूर्ण करना है और इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।*



# मारवाड़ी समाज की महिलाओं ने भक्त प्रहलाद की पूजा कर निभाई परंपरा

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** नगर के गोलबाजार स्थित प्रमुख होलिका दहन स्थल पर 2 मार्च को सुबह से शाम तक मारवाड़ी समाज की महिलाओं एवं युवतियों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भक्त प्रहलाद की विधिवत पूजा-अर्चना की।

नगर में प्रतिवर्ष परंपरा के अनुसार होलिका दहन से एक दिन पूर्व अथवा उसी दिन प्रातः होलिका दहन स्थल पर डांडा स्थापित किया जाता है। इसी स्थल पर होलिका दहन के दिन भक्त प्रहलाद स्वरूप ढूंढ की स्थापना की जाती है। मारवाड़ी समाज की महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में पहुंचकर ढूंढ की पूजा करती हैं तथा उसकी परिक्रमा कर धार्मिक अनुष्ठान संपन्न करती हैं।

इस अवसर पर महिलाओं द्वारा डांडा के चारों ओर गोबर से बने बिटकुले अर्पित किए गए। अन्य समुदायों के लोग भी श्रद्धा भाव से पूजा-अर्चना में सम्मिलित हुए। यह स्थल नगर का प्रमुख होलिका दहन केंद्र है, जहां रात्रि में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित होते हैं।



श्रद्धालुओं द्वारा पूजा-अर्चना के उपरांत रात्रि में विधिवत होलिका दहन किया गया। इसी पवित्र अग्नि से नगर के अनेक मोहल्लों में होलिका दहन की परंपरा निभाई जाती है। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं धार्मिक वातावरण में संपन्न हुआ।

# सद्गुरु कबीर आश्रम साजा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया होली मिलन समारोह

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थान खमरिया।** सद्गुरु कबीर साहब पंथश्री हुजूर प्रकाशमुनिनाम साहब एवं पंथश्री हुजूर उदितमुनिनाम साहब की कृपा व आशीर्वाद से फागुन पूर्णिमा के पावन अवसर पर सद्गुरु कबीर आश्रम साजा में होली मिलन समारोह हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के वातावरण में मनाया गया।

इस अवसर पर सद्गुरु कबीर सत्संग समिति क्षेत्र-साजा के वरिष्ठजन गुरु गोसाई लालदास साहेब सहित समिति के पदाधिकारी एवं संत मंडली उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अध्यक्ष बेदप्रकाश साहू, सचिव पवन साहू, कोषाध्यक्ष मीना राम साहू, संचालक रामगोपाल निर्मलकर तथा कोठारी रामजी साहेब, साहेब दास साहेब, बालादास पुजारी, ईश्वर दास साहेब, अवधराम, हरनारायण साहेब, बेदराम साहेब एवं अन्य संतजन सम्मिलित हुए।




होली मिलन समारोह के दौरान सत्संग, भजन एवं आध्यात्मिक विचारों का आदान-प्रदान किया गया। सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं तथा सामाजिक सौहार्द एवं भाईचारे का संदेश दिया।

# श्याम भजनों पर देर रात तक नाचते झूमते रहे श्रद्धालु

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया





**थानखम्हरिया।** नगर में 28 फरवरी को आयोजित श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव में रात्रि 8:00 बजे से प्रवाहित भजन संध्या की गंगा देर रात तक प्रवाहित होती रही। भजन सुनने बड़ी संख्या में श्याम भक्त पधारे देर रात्रि तक श्याम भजन की गंगा अविरल प्रवाहित होती रही जिसमें श्याम भक्त गोता लगाते रहे। भजनों पर झूमते गाते भक्तों ने फूलों की होली भी खेली। महिलाओं ने होली का भरपूर आनंद लिया। शुभम मोटर्स में दो दिवसीय आयोजित श्री श्याम फाल्गुनी महोत्सव के दूसरे दिन रात्रि में बाबा का भव्य एवं दिव्य दरबार सजाया गया। फूलों की आकर्षक साज सज्जा से युक्त झांकी हर भक्त के मन को आकर्षित कर रही थी। अखंड ज्योति प्रज्वलित की गई जिसकी ज्योत लेने का क्रम लगातार चलता रहा। श्री श्याम मित्र मंडल भाटापारा के गायकों, सीमा सराफ कोलकाता और बिलासपुर से पधारे श्याम दीवानों ने अपने सुरीले मीठे भजनों से बाबा को खूब रिझाया और उपस्थित श्रोताओं को भरपूर आनंद प्रदान किया। रात्रि 8:00 बजे प्रारंभ हुयी भजन संध्या रात्रि 1:30 बजे तक चलती रही। अंत में बाबा की आरती और प्रसाद वितरण के बाद इस आयोजन का समापन हुआ। श्री श्याम मित्र मंडल भाटापारा के हरगोपाल ने "कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आनो है" भजन गाकर लोगों को बाबा श्याम की भक्ति में डुबो दिया।

"आज बिरज में होली रे रसिया", "तुम होली खेली भक्तों रंग और गुलाल से होली खेलेंगे हम तो गिरधर गोपाल से", "होली खेल रहे नंदलाल वृंदावन कुंज गलिन में" आदि होली के भजनों से होली त्यौहार का जीवंत वातावरण प्रस्तुत कर दिया। लोगों ने रंग गुलाल और फूलों की खूब होली खेली। गिरधर व्यास ने अपने मधुर भजनों से लोगों को खूब रिझाया। भजनों के साथ सबको नृत्य करने पर भी मजबूर कर दिया। गिरधर व्यास के गाए भजनों ने लोगों को रोमांचित कर दिया और वे देर रात तक पंडाल में बैठने विवश हुये। श्रुति शर्मा भाटापारा ने भी भजनों में समां बांध दिया और श्याम बाबा के साथ-साथ अन्य देवी देवताओं के भजनों की पैरोडी गाकर लोगों को मस्ती में सराबोर कर दिया। सीमा शराफ ने अपने मधुर भजनों से लोगों को बाबा की भक्ति से जोड़े रखा। रूद्रेश अग्रवाल एवं कल्पना अग्रवाल द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम श्याम प्रेमियों के लिए ऐतिहासिक एवं यादगार बन गया।

# शिवरतन शर्मा के प्रयास से ग्रामीण क्षेत्रों में फिर करोड़ो रूपयें के विकास की सौगात

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा के निरंतर सक्रियता व प्रयास से विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में भी लगातार विकास के कार्य स्वीकृत कराये गये है। उक्त कार्य ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत परिवारों की सेवा एवं सुविधा के लिए भाजपा वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा द्वारा निरंतर विकास कार्यों की सौगात क्षेत्रवासियों को दी जा रही है। लगातार जनता की आकाँक्षाओं के अनुरूप क्षेत्र के विकास एवं जनसुविधाओं के विस्तार तथा विधानसभा में अधोसंरचना निर्माण कार्यों को शिवरतन शर्मा के प्रयासों से विष्णु देव सरकार द्वारा स्वीकृति मिल रही है। इसी कड़ी में वित्तीय वर्ष 2026-27 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट में शिवरतन शर्मा द्वारा किये गए करोडो के अनुशंसा को शामिल कर सौगात दी गई हैं। शिवरतन शर्मा ने इस सौगात के लिए क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, वित्त मंत्री ओ पी चौधरी, सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं छत्तीसगढ़ राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया है। शिवरतन शर्मा ने कहा कि गांव - गांव में बेहतर सड़कें, सामाजिक गतिविधियों के लिए सामुदायिक भवन और बुनियादी सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण, क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में मजबूत कदम है। किसी भी देश की प्रगति का रास्ता गाँव के विकास से होकर गुजरता है। इसी उद्देश्य से हम ग्रामीण स्तर पर हर गाँव-गाँव और घर-घर सुविधाओं एवं योजनाओं का विस्तार कर रहें हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए लगातार विकास व अधोसंरचना निर्माण के कार्य प्रगति पर हैं। ग्रामीण महिलाओं और किसानों को सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने के लिए हमारा प्रयास निरन्तर जारी है। उन्होंने आगे कहा कि आज हमारा भाटापारा विधानसभा निरन्तर नई उपलब्धियां अर्जित कर रहा है। गाँव-गाँव तक सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है ऐसे कई कार्य हैं जो विगत 3 वर्षों में भाजपा सरकार बनने के बाद से लगातार भाटापारा विधानसभा में हो रहें हैं और इस विकास यात्रा को निरंतर गति देने के लिए हम प्रयास कर रहें है। सिमगा विकासखंड के शा.हाई स्कूल लांजा एवं भाटापारा विकासखंड के शा.हाई स्कूल बिजराडीह हेतु भवन निर्माण के लिए कुल 01 करोड़ 50 लाख 46 हजार 75.23-75.23 लाख ग्राम चंदेरी-मुशवाडीह ,कामता, औरेठी मार्ग अनुमति लागत 12 करोड़, ग्राम कचलोन तेंदुभाठा सिमगा मार्ग अनुमति लागत 08 करोड़ 80 लाख, ग्राम तुलसी, तोरा के पास चकलाघाट नाला पर पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण अनुमति लागत 08 करोड़ 20 लाख, ग्राम खोखली, सोनबरसा, गोरदी, नयापारा मार्ग चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य अनुमति लागत 20 करोड़, ग्राम सुरखी, बकुलाही नहर किनारे मार्ग अनुमति लागत 08 करोड़,वर्ष 2026-27 के बजट में शामिल किया गया हैं।

# दुर्ग में अवैध लकड़ी परिवहन पर कार्रवाई, टाटा 709 वाहन जब्त



दुर्ग। श्रीमान उप वन मंडल अधिकारी, दुर्ग के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में वन विभाग की टीम ने अवैध लकड़ी परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने अवैध परिवहन में लिप्त एक वाहन को जप्त करते हुए वन अपराध प्रकरण क्रमांक 80/17, दिनांक 01.03.2026 दर्ज किया है। जप्त किया गया वाहन टाटा 709 (क्रमांक CG 09 क्र0475) है, जिसमें कहुआ लकड़ी का अवैध परिवहन किया जा रहा था। कार्रवाई के बाद वाहन को विधिवत जब्त कर पुलगांव डिपो, दुर्ग लाया गया है। वन विभाग द्वारा मामले की जांच की जा रही है तथा संबंधित आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध परिवहन और वन संपदा की तस्करी पर सख्त निगरानी जारी

# थाना थानखम्हरिया का एसडीओपी द्वारा अर्धवार्षिक निरीक्षण, अपराध नियंत्रण को लेकर दिए सख्त निर्देश

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया



**थानखम्हरिया** । पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री हरीश कुमार यादव के मार्गदर्शन में 26 फरवरी 2026 को पुलिस अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओपी) भूषण एक्का द्वारा थाना थानखम्हरिया का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान एसडीओपी ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा बेहतर पुलिसिंग के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## रजिस्टर व अभिलेखों की गहन जांच

एसडीओपी द्वारा थाना की जप्ती माल, मालखाना, जप्ती रजिस्टर, जरायम रजिस्टर, शिकायत रजिस्टर, ड्यूटी रजिस्टर, मर्ग रजिस्टर, हिस्ट्रीशीट, ग्राम अपराध पुस्तिका, फिंगर प्रिंट रजिस्टर सहित अन्य सभी रजिस्टर एवं तख्तियों का निरीक्षण किया गया। साथ ही थाना परिसर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए।

अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

उन्होंने अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली दवाओं एवं अन्य अवैध कार्यों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही लंबित अपराध, मर्ग, गुमशुदगी प्रकरण, शिकायतों एवं लंबित स्थायी व गिरफ्तारी वारंटों का शीघ्र निराकरण करने को कहा गया। असामाजिक तत्वों, निगरानी बदमाशों, गुंडों तथा शराब पीकर हुड़दंग करने वालों पर प्रतिबंधात्मक एवं बाउंड ओवर की कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए।

## रात्रि गश्त व पेट्रोलिंग मजबूत करने पर जोर

चोरियों एवं अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु रात्रि गश्त, पेट्रोलिंग एवं कांबिंग गश्त को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए। गश्त के दौरान होटल, लॉज, ढाबा, एटीएम, बैंक, बस स्टैंड, प्रतीक्षालय एवं संदिग्ध व्यक्तियों की नियमित जांच करने को कहा गया। ग्रामीण क्षेत्रों में भी लगातार गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए गए।

## महिला डेस्क व सियान डेस्क को सक्रिय रखने के निर्देश

एसडीओपी ने थाना में स्थापित महिला डेस्क एवं सियान डेस्क को निरंतर सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित अपराधों में पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना के अंतर्गत प्रकरण जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रस्तुत कर पीड़ितों को न्याय एवं योजना का लाभ दिलाने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही गुम बालक-बालिकाओं की शीघ्र बरामदगी हेतु अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।

## बीट प्रभारियों को जनता से संवाद बढ़ाने के निर्देश

बीट प्रभारी एवं आरक्षकों को अपने-अपने क्षेत्रों में निरंतर भ्रमण कर स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित करने तथा जुआ, अवैध शराब, मादक पदार्थों एवं नशीली दवाओं की गतिविधियों की जानकारी संकलित करने के निर्देश दिए गए। क्षेत्र के निगरानी अपराधियों, विवादग्रस्त क्षेत्रों, मेले-त्योहारों तथा घुमक्कड़ लोगों की गतिविधियों की जानकारी बीट पुस्तिका में नियमित रूप से अद्यतन करने को कहा गया।

## अन्य महत्वपूर्ण निर्देश

वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त पत्रों का समय पर निराकरण करने, ई-साक्ष्य का उपयोग करने, ड्यूटी के दौरान निर्धारित साफ-सुथरी वर्दी पहनने तथा थाना में आने वाली महिला आगंतुकों एवं रिपोर्टकर्ताओं से संयमित एवं संवेदनशील व्यवहार करने के निर्देश दिए गए। मजबूत सूचना तंत्र विकसित कर बेहतर पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया।

## निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारी-कर्मचारी

निरीक्षण के समय थाना प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, उप निरीक्षक ओंकार प्रसाद साहू, प्रधान आरक्षक विनोद पात्रे, अजय कुमार लहरे, आरक्षक लोकेश्वर साहू, बलदेव निषाद, मुकेश चंद्रवंशी, अशरफी खान, सौरभ सिंह, रमन चंद्राकर, महेन्द्र सोनवानी, हीराचंद गेंड्रे तथा एसडीओपी कार्यालय बेमेतरा से प्रधान आरक्षक देवनारायण तिवारी, आरक्षक पुकेश्वर दिल्लीवार, तुषार पाटिल सहित थाना/चौकी के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# धमधा में अवैध परिवहन पर बड़ी कार्रवाई, वाहन जब्त



ब्यूरोचीफ रतन कुमार

**धमधा।** वन परिक्षेत्र अधिकारी धमधा के नेतृत्व में अवैध परिवहन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए एक वाहन को जप्त किया गया। मामले में वन अपराध प्रकरण क्रमांक 6982/09 दिनांक 01.03.2026 दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गई। जप्त वाहन को आगे की जांच एवं प्रक्रिया हेतु परिक्षेत्र कार्यालय कुम्हारी डिपो लाया गया है।

वन विभाग द्वारा की गई इस कार्रवाई से अवैध परिवहन में संलिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि वन अपराधों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# राजपूत क्षत्रीय महासभा का स्थापना दिवस मनाया गया



**थानखम्हरिया।** 26 फरवरी को राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ रहटादाह प. क्र. 1282 की स्थानीय उपसमिति द्वारा नगर में महासभा का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न सॉस्कृतिक प्रतियोगितायें आयोजित की गयीं तथा समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया। नगर के महाराणा प्रताप भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय उपसचिव महासभा ठा. घनश्याम सिंह थे अध्यक्षता उपसमिति थानखम्हरिया के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने की। अति विशिष्ट अतिथियों में ठा. चंद्रप्रताप सिंह बैस, ठा. शेषनारायण बैस, ठा. शैलेंद्र सिंह, ठा. पुखराज सिंह, ठा. तोमर सिंह, ठा. रविकांत सिंह, ठा. आशीष सिंह, विशिष्ट अतिथियों में ठा. विनय परमार, ठा. सनत सिंह, ठा. चंद्रशेखर सिंह, ठा. प्रमोद सिंह, ठा. पुखराज सिंह, ठा. महेंद्र सिंह, मंजू राजपूत, खुशबू राजपूत, ठा. प्रिंसु राजपूत, ठा. रोहित भारती एवं उपसमिति के सचिव रोहित सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत महाराणा प्रताप जी की पूजा और जयकारे के साथ की गयी तत्पश्चात् विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। समाज के वरिष्ठ जनों का सम्मान किया गया। उपसमिति के सचिव ठा. रोहित सिंह तथा उपसमिति के कोषाध्यक्ष ठा. तोमर सिंह ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। ठा. घनश्याम सिंह ने महासभा की स्थापना करने वाले सभी सदस्यों के योगदान को याद किया। सभी अतिथियों द्वारा समाज के संस्थापक सदस्यों को सच्चे मन से याद किया गया। फाग प्रतियोगिता के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। समीपस्थ ग्राम कोटगॉव में महासभा की प्रथम अनौपचारिक बैठक 5 मार्च 65 को ठा. रणदमन सिंह द्वारा आहूत की गयी थी जिसमें बनी सहमति के बाद महासभा का 26 फरवरी 69 को पंजीयन हुआ था। महासभा की 25 मई 25 को हुयी बैठक में निर्णय लिया गया था कि महासभा एवं उपसमितियों द्वारा महासभा का स्थापना दिवस मनाया जाये। इस निर्णय के बाद नगर में प्रथम बार महासभा का स्थापना दिवस स्वजातीय बंधुओं द्वारा धूमधाम से मनाया गया।

# एकल ग्रामोत्थान फाऊंडेशन के तत्वाधान में सिलाई प्रशिक्षण केंद्र लखनपुर का उद्घाटन कार्यक्रम संपन्न











**रायपुर।** WEC लखनपुर का उद्घाटन कार्यक्रम मां सरस्वती मां भारती के छाया चित्र पर पुष्प अर्पण , दीप प्रज्वलन ओम का उच्चारण गायत्री मंत्र कर कार्यक्रम सफलतापूर्वक एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, सामाजिक कार्यकर्ता, संस्था के पदाधिकारी, प्रशिक्षकगण, स्थानीय महिलाएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। जिसमे

* श्री भगवानदास बंसल जी (एकल संभाग संस्कार शिक्षा अध्यक्ष)
* श्री प्रेम शंकर द्विवेदी जी(अध्यक्ष, एकल अभियान अंचल अंबिकापुर)
* श्री यतेंद्र पांडे (जागरण प्रभारी एवम् खंड कार्यवाह लखनपुर)
* श्री सुरेन्द्र साहू जी जी(सबरी सेवा संस्थान)
* श्री सत्यनारायण तिवारी जी (कोषाध्यक्ष, संच लखनपुर
* श्री डाक्टर रविभूषण पांडे जी ( सह खंड संघ चालक)
* श्री सुरेश अग्रवाल जी ( अध्यक्ष, एकल श्री हरिकथा लखनपुर)
* श्री विश्वनाथ गुप्ता जी ( पूर्व नगरपंचायत अध्यक्ष)
* श्री जयकरण प्रजापति( ग्राम समिति)

**ऑनलाइन के माध्यम से जुड़े दिल्ली ऑफिस से**

* श्री हिमांशु मेहरा जी (प्रोजेक्ट हेड , दिल्ली)
* श्री रोहित जी (WEC प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर दिल्ली)
* श्री जगदीश शिदार जी ( hlgramothan प्रमुख छत्तीसगढ़)

एवं कार्यकर्ता

* हिम्मन कुमार ( ग्रामोथन प्रमुख दक्षिण छ.ग.)
* ओमकार साहू ( ग्रामोत्थन प्रमुख मध्य छ.ग.)
* श्री संतोष कुमार जी ( अंचल अभियान प्रमुख,लखनपुर)
* श्री अवधेश कुमार दास जी ( अंचल गतिविधि प्रमुख लखनपुर)
* श्री रामनारायण प्रजापति(अंचल गतिविधि प्रमुख सूरजपुर)
* सुश्री सरस्वती पैकरा( सिलाई ट्रेनर)
* श्री रामेश्वर प्रजापति( संच प्रमुख, लखनपुर) एवं आचार्यों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ ।

सभी अतिथियों ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में WEC लखनपुर की भूमिका को अत्यंत सराहनीय बताया।

उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान मुख्य अथिति द्वारा केंद्र के उद्देश्यों, प्रशिक्षण गतिविधियों एवं आगामी कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी साझा की गई। बताया गया कि इस केंद्र के माध्यम से महिलाओं को सिलाई एवं स्वरोजगार से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने महिलाओं से अधिक से अधिक संख्या में प्रशिक्षण से जुड़ने का आह्वान किया तथा संस्था के प्रयासों की प्रशंसा की। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ।

WEC लखनपुर का यह उद्घाटन कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायक कदम सिद्ध हुआ





# होली के पहले रंगों में रंगीं युवतियां

ब्यूरो चीफ अनिल सिंघानिया

**थानखमरिया।** होली पर्व के आगमन से पूर्व ही नगर का वातावरण रंगों के उल्लास में डूब गया है। विशेषकर युवा लड़कियां एवं बेटियां इस वर्ष पारिवारिक एवं सुरक्षित ढंग से होली मनाने को लेकर उत्साहित नजर आ रही हैं। बाजारों और गलियों में पारंपरिक परिधान पहने युवतियां होली के रंगों में सराबोर दिखाई दे रही हैं।



युवतियां इस बार केमिकल युक्त रंगों की बजाय हल्दी, चुकंदर और फूलों से तैयार किए गए ऑर्गेनिक रंगों का चयन कर रही हैं, जिससे त्वचा को किसी प्रकार का नुकसान न पहुंचे। पारंपरिक कुर्ते एवं टी-शर्ट पहनकर होली खेलने की परंपरा को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। चारों ओर रंग-बिरंगे परिधानों और प्राकृतिक रंगों से सजी युवतियां आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं।

युवतियों का कहना है कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि यह पवित्रता, धार्मिक संयम और आपसी प्रेम व सद्भाव का प्रतीक है। यह पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय तथा रिश्तों में मिठास और मेल-मिलाप का संदेश देता है।








नगर में होली के पहले ही उत्सव जैसा माहौल बन गया है। लोग एक-दूसरे को रंग लगाकर शुभकामनाएं दे रहे हैं और सामाजिक समरसता के साथ पर्व मनाने का संकल्प ले रहे हैं। युवतियों की यह पहल न केवल सुरक्षित होली का संदेश दे रही है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक सराहनीय कदम माना जा रहा है।

# शासकीय ठाकुर महाराज सिंह महाविद्यालय में वार्षिक उत्सव धूमधाम से संपन्न

## छात्राओं ने दी मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ

ब्यूरो चीफ अनिल सिंघानिया

थानखम्हरिया। शासकीय ठाकुर महाराज सिंह महाविद्यालय में वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साजा विधायक श्री ईश्वर साहू तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश जोशी रहे।




अध्यक्षता जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्री राजेश सिंघानिया ने की। जिला महामंत्री श्री राजेश ठाकुर, जिला पंचायत सभापति श्री परमेश्वर वर्मा, जिला मंत्री श्री सुरेश सिंघानिया सहित अन्य जनप्रतिनिधियों का पुष्पहार से स्वागत किया गया।

श्री ओमप्रकाश जोशी ने अपने संबोधन में कहा कि वर्ष 2014 के बाद देश में स्वर्णिम युग का आरंभ हुआ है। उन्होंने समाज में समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब भावना एवं स्वदेशी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन एवं समय के सदुपयोग का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता है कि हम संगठित होकर समाज एवं राष्ट्र की प्रगति में योगदान दें। संगठन में ही शक्ति है। विद्यार्थियों को अपने कौशल का निरंतर विकास करने के लिए प्रेरित किया गया।

जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्री राजेश सिंघानिया ने कहा कि यह दिन विद्यार्थियों की शिक्षा, खेल एवं कला के क्षेत्र में सामूहिक उपलब्धियों का उत्सव है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन का मंच प्रदान करते हैं।

जिला महामंत्री श्री राजेश ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही सफलता की सीढ़ी है, जिसके सहारे जीवन की ऊँचाइयों को छुआ जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करने की प्रेरणा दी।

महाविद्यालय परिवार द्वारा नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनीता चंदन अग्रवाल के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया गया, जिन्होंने महाविद्यालय परिसर के उद्यान हेतु सोफा एवं अन्य सामग्री प्रदान कर तथा शिक्षण कार्य में सहयोग देकर महाविद्यालय के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके सहयोग को विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बताया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष श्रीमती नमिता सिन्हा, श्रीमती सरिता जैन, श्री अनिल सिंघानिया, श्री चंद्रशेखर राजपूत, श्री दौलतनाथ योगी, जिला प्रवक्ता श्री हरदत्त साहू, सरपंच श्री आदर्श जोशी, श्री दाऊदवार दुबे, श्रीमती रेखा शर्मा, श्री बसु राजपूत सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

महाविद्यालय परिवार से प्राचार्य श्रीमती बीना त्रिपाठी, श्री ओमप्रकाश मरकाम, सहायक प्राध्यापक श्री अजय कुमार, श्री संजय वर्मा, अतिथि व्याख्याता श्री देवेंद्र लाल साहू, श्री निलेश बकेला, श्री पांचाल मिश्रा, श्री हरिशंकर साहू, श्री पवन कुमार साहू, श्री धनंजय कुमार साहू, डॉ. कन्हैया साहू, प्रयोगशाला सहायक श्री रमेश सोनी सहित श्रीमती रामेश्वरी कश्यप, डॉ. संगीता आदिल, कुमारी भावना चंद्रवंशी, कुमारी नम्रता चतुर्वेदी, कुमारी रीना पटेल, प्रयोगशाला व्याख्याता श्री कुश कश्यप, श्री विनोद ध्रुवे, श्री अजय कुमार दास एवं अन्य प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की सहभागिता रही।

कार्यक्रम का संचालन श्री हरिशंकर साहू एवं श्री तोरण साहू द्वारा किया गया। सहायक प्राध्यापक श्री ओमप्रकाश मरकाम ने सभी अतिथियों एवं अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए महाविद्यालय परिवार को बधाई दी। समारोह का समापन छात्राओं की आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# पीएमश्री शा. प्रा.शाला सुरखी का अपर कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** पीएमश्री शा. प्रा.शाला सुरखी में अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति द्वारा पीएमश्री शालाओं में नियमित रूप से परिपूर्णता के बिन्दु एवं पीएमश्री शालाओं के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए औचक निरीक्षण किया । सभी अध्यापन कक्षों एवं सम्पूर्ण शाला का सूक्ष्मता से निरीक्षण करते हुए मानक बिन्दुओं पर शत-प्रतिशत संसाधनों की उपलब्धता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बच्चों से सामान्य ज्ञान और विषय आधारित प्रश्न कीं जिसमें बच्चों के उत्तर से बहुत अधिक प्रभावित हुईं। बच्चों के साथ बैगलेश डे की गतिविधियों में सहभागिता करते हुए उनके साथ जुम्बा कीं और उन्हें योग और प्राणायाम भी करवाईं। सांस्कृतिक कार्यक्रम में कक्षा 4 थी के बच्चे को हारमोनियम में संगत करते हुए देख कर बहुत ही प्रसन्न होते हुए उनके साथ सरस्वती वंदना का गायन किया। लम्बी अनुपस्थिति वाले बच्चों को विद्यालय में नियमित करने के लिए विशेष प्रयास करने के लिए शिक्षकों को निर्देशित किया गया। बच्चों के कक्षानुरूप उत्तम स्तर और शाला की स्वच्छता और सुव्यवस्था के लिए शाला परिवार को बधाई और शुभकामनाएँ दीं। अपर कलेक्टर के साथ अति. तहसीलदार प्रेमा मिंज ने भी शाला और बच्चों के शैक्षणिक स्तर पर संतोष व्यक्त किया। सम्पूर्ण निरीक्षण के दौरान सुरखी की सरपंच ज्योति कपूरचंद, इन्द्राणी साहू उपस्थित थी ।

# सीएम ने 200 बिस्तरीय अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल का किया शुभारंभ



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर स्थित श्री बालाजी हॉस्पिटल परिसर में 200 बिस्तरीय अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने भगवान बालाजी की पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि और आरोग्य की कामना की। साथ ही उन्होंने कैंसर अस्पताल के नवनिर्मित इकाइयों का शुभारंभ कर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार राज्य की प्रगति और सशक्त होते आधारभूत ढांचे का स्पष्ट प्रमाण है। प्रदेश निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने पर हम रजत जयंती वर्ष मना रहे हैं और राज्य गठन के समय जहां प्रदेश में केवल एक मेडिकल कॉलेज था, वहीं बीते वर्षों में 14 से 15 मेडिकल कॉलेज स्थापित हो चुके हैं, जो स्वास्थ्य क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि अपने दो वर्ष के कार्यकाल में उन्होंने 5 से 6 नए अत्याधुनिक अस्पतालों का शुभारंभ किया है, जिससे आमजन को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। मुख्यमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि कैंसर अपस्ताल में मरीजों को आयुष्मान योजना का लाभ मिलेगा, जिससे उनकी आर्थिक दिक्कतें भी कम होगी। इस अवसर पर अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. तेजस नायक, मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. नीता नायक, आर. के. नायक, सत्यवती नायक तथा अस्पताल प्रबंधन और अधिकारी-कर्मचारी और आमजन उपस्थित थे।

# छिटपुट घटनाओं के बीच भाटापारा में 50 से अधिक स्थानों पर होलिका दहन हुआ

## चन्द्र ग्रहण के बावजुद बाजार में आया ग्राहकी

ब्यूरोचीफ संतोष साहू




**भाटापारा।** शहर व क्षेत्र में होली पर्व को लेकर जबरदस्त ग्राहकी का माहौल बाजार में उमड़ पड़ा है। हर तरफ भीड़ की वजह से जाम के हालात से लोगो को जुझना पड़ा है। मंगलवार रात डेढ़ से दो बजे रात के बीच लोगो ने रात जागकर लगभग 50 से अधिक स्थानों पर होलिका दहन किया। इस दौरान छिटपुट घटनाओं व हो हल्ला के अलावा कोई बड़ी वारदात नही हुई फलस्वरूप होलिका दहन शांतिपूर्ण ढंग से निपट गया लेकिन मंगलवार दिन में सुतक काल व चन्द्र ग्रहण के चलते रंगो की होली लोग नही खेल पाये साथ ही चन्द्र ग्रहण के कारण सुबह सवा 6 बजे के बाद मंदिर व देवालय के कपाट बंद हो जाने से पूजा पाठ व धार्मिक गतिविधियों के कार्यक्रम ठप रहे लोग देर शाम तक ग्रहण खत्म होने का इंतजार करते रहे। इस बीच बुधवार को रंगो की होली के लिए बाजार में ग्राहकी का जबरदस्त सैलाब मंगलवार अवकाश होने के बाद भी उमड़ पड़ा लोग तरह तरह की रंग बिरंगी पिचकारी , रंग ,गुलाल, नाकाब , नकली बाल , चश्मा , नंगाड़ा तथा होली के रंगीन रेडीमेड बनियान कपड़े खरीदते नजर आये। वहीं बाजार में खोवा ,बताशा ,पुजा सामान , पान एवं अन्य सामग्रीयों की भी जबरदस्त बिक्री हुई। त्यौहारी बाजार के बीच बड़ी तादाद में शहर के विभिन्न बैंको में लोग पैसा निकालने लंबी लाईन लगाये खड़े रहे। खासकर किसान वर्ग के लोग कोआपरेटिव बैंक में अनेक घंटो तक पैसा निकालने लाईन में लगे रहे। इसी तरह अन्य बैंको में भी लोग पैसा निकालने पहुंचते रहे। इस बीच ट्रेन व यात्री बसों में भी लोग बड़ी तादाद में सफर करते नजर आये। ट्रेन में अनेक लोग जो कुछ माह पूर्व काम की तलाश में पलायन पर दुसरे राज्यों के महानगर की ओर गये थे वे अपने गृह ग्राम की ओर लौटते नजर आये जिसके कारण यात्री बसों में भी भीड़ भाड़ का माहौल बना रहा खासकर भाटापारा से पथरिया , मुंगेली , सरगांव , बैतलपुर , नारायणपुर , मऊ मल्दा की ओर जाने वाली बसों में भारी भीड़ का माहौल बना रहा। कुल मिलाकर होली के उत्सव में समुचा शहर व क्षेत्र रंगो से सराबोर होने के लिए आतुर नजर आया इसकी झलक भाटापारा बाजार में भी जबरदस्त रूप से देखने को मिला।

# शराब दुकान क्षेत्र में चाकू लहराने वाले दो लोगों को पुलिस ने दबोचा

**भाटापारा।** शहर सीमा से लगे सिद्धबाबा धौराभाठा शराब दुकान क्षेत्र में आने जाने वाले को दो युवको द्वारा सरेआम चाकू लहराकर डराया धमकाया जा रहा था जिसकी सुचना पर पुलिस ने घेराबंदी करते हुए चाकूबाज युवको को धर दबोचा । पकड़े गये युवको में चन्द्रकांत यादव उम्र 19 वर्ष निवासी केके वार्ड तथा राहुल बंछोर उम्र 21 वर्ष निवासी दाऊ कृ ष्ण कुमार वार्ड शामिल है। इनके कब्जे से दो नग चाकू जब्त किया गया है। इनके विरूद्ध पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

# पालिका अध्यक्ष के साथ स्वच्छता कर्मियों ने मनाई होली



होली त्योहार के अवसर पर नगर पालिका द्वारा सफाई कर्मियों को किया गया सम्मानित !

**भाटापारा।** नगर पालिका प्रांगण में पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा की उपस्थिति में पालिका कर्मचारियों ,स्वच्छता विभाग एवं क्लीन सिटी के बहनों के साथ अध्यक्ष ने होली मिलन पर्व मनाया। इस दौरान अध्यक्ष द्वारा सभी स्वच्छता दीदीयों को उपहार भेंट किया गया। उपहार पाकर सफाई कर्मचारी प्रसन्न नजर आये व अध्यक्ष की भावना का उन्होने सम्मान करते हुए होली के मौके पर उनसे आशीर्वाद ग्रहण किया। उपरोक्त अवसर पर सतीश तलरेजा , मनीष मिश्रा , व नंदकिशोर वैष्णव सहित अन्य पार्षद व अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# ट्रेन में यात्रा के दौरान शराब सेवन करने वाले दो लोगों पर कार्यवाही हुई

**भाटापारा।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर रेल डिविजन में यात्री ट्रेन में शराब पीकर महिला रेल यात्री के साथ दुरव्यवहार करने के मामले में दो रेल यात्रियों के विरूद्ध कार्यवाही की गई। उपरोक्त संबंध में रेलवे सुत्रो में प्राप्त जानकारी के अनुसार नवतनवा - दुर्ग एक्सप्रेस ट्रेन क्रमांक 18206 में यात्रा कर रही वरिष्ठ रेल यात्री उषा शुक्ला उम्र 68 वर्ष ने अधिकारियों को शिकायत दर्ज कराई थी कि वे अपने पति के साथ उक्त ट्रेन के कोच ए-1 की बर्थ संख्या 7-9 में आयोध्या से रायपुर के लिए वापस लौट रही थी इसी दौरान भाटापारा रेलवे स्टेशन से रायपुर रेलवे स्टेशन के बीच ए -1 कोच के कॉरिडोर क्षेत्र में दो यात्री प्रवीण सिंग सीट क्रमांक 24 कोच ए-1 एवं गोपाल काशेर सीट क्रमांक 14 कोच ए-2 में सरेआम शराब का सेवन करने लगे उक्त दोनो यात्री जो शराब के नशे में चुर थे उन्होंने महिला यात्री के साथ दुरव्यवहार किया जिससे बुजुर्ग रेलयात्री दम्पत्ति को उत्पीड़न और असुरक्षा का भाव की स्थिति से गुजरना पड़ा। रायपुर मंडल के सिनियर वाणिज्यिक प्रबंधक अवधेश त्रिवेदी के निर्देशन में की गई जांच में महिला रेलयात्री की शिकायत सच पाई गई और जांच में उक्त आरोपो की पुष्टि भी हुई जांच के दौरान ए -1 कोच की सीट संख्या 24 से शराब से संबंधित सामग्री भी बरामद की गई जिसके बाद रेलवे अधिनियम क ी धारा 145 सहित अन्य प्रावधानों के तहत कार्यवाही की गई है।

# भेलाराम चौबे का निधन



**भाटापारा।** क्षेत्र के प्राख्यात शिक्षाविद एवं रामकृष्ण बीएड कॉलेज के डायरेक्टर भेलाराम चौबे उर्फ बी आर शर्मा का आज दोपहर निधन हो गया। वे भाटापारा में प्राचार्य वी ई ओ जैसे महत्वपूर्ण पदों पर अपनी छाप छोड़ चुके है। उनका अंतिम संस्कार 6 मार्च को प्रातः 9:30 बजे उनके गृह ग्राम उदयबंध (चांपा) में किया जायेगा। वे राजेन्द्र कुमार चौबे, मधुकांत चौबे एवं संदीप चौबे के पिता थे।

# इलेक्ट्रिक एवं इलेक्ट्रॉनिक संघ ने मनाया होली पर्व

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** इलेक्ट्रिक एवं इलेक्ट्रॉनिक संघ द्वारा होली मिलन कार्यक्रम हर्षोल्लास से श्री सिद्धि विनायक मंदिर में मनाया गया। जिसमें संघ के सभी सदस्यों की उपस्थिति थी। उपस्थित सदस्यों में प्रकाश सोनी,राजेश साहू,गौकरण साहू,स्वरूप अग्रवाल,रामचंद्र सचदेव,विश्वनाथ गुप्ता,सुनील मल,पवन अग्रवाल,आलोक मोदी,सुनील दुबे,राकेश अग्रवाल,वरुण वर्मा,प्रदीप अग्रवाल,गजेंद्र साहू,मानव साहू,जीतू साहू,किस्सू ,शंकर छाबड़ा,आशीष देवांगन,बंटी प्रगति इले,यशवंत शाह,नरेंद्र ज़ोजवानी,मनोज अग्रवाल,संजू वालेचा ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया एवं एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दी।

# 816 स्नातक, परास्नातक और डॉक्टरेट उपाधियाँ और पदक प्रदान किए

## शिक्षा का उद्देश्य आजीविका ही नहीं समाज का विकास भी है



**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि शिक्षा का मूल उद्देश्य केवल आजीविका प्राप्त करना नहीं बल्कि ज्ञान और बुद्धिमत्ता प्राप्त कर पूरे समाज का विकास होना चाहिए। उन्होंने कहा कि परिवर्तन जीवन का नियम है और शिक्षा हमारे जीवन में कई तरह के सकारात्मक बदलाव लेकर आती है। अगर हम अपनी शिक्षा के माध्यम से समाज में पीछे छूट रहे लोगों का जीवन सुधार पायें उनकी ज़िंदगी बेहतर बना पायें तो हमारा जीवन सफल होगा और इस अनमोल मनुष्य जीवन का सदुपयोग कर पाएंगे। दीक्षांत समारोह में 816 स्नातक, परास्नातक और डॉक्टरेट विद्यार्थियों को उपाधियाँ और पदक प्रदान किए गए। शेल इंडिया की अध्यक्ष और शेल लुब्रिकेंट्स एशिया पैसिफिक की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मंसी मदन त्रिपाठी को विश्वविद्यालय द्वारा मानद डॉक्टर ऑफ फिलोसोफी (ऑनोरिस काउसा) से सम्मानित किया गया।राज्यपाल रमेन डेका एमिटी विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ के चौथे दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

### आत्मा से साक्षात्कार करते रहना चाहिए

पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, रायपुर में आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि अच्छी शिक्षा से ही विकास के लक्ष्य को प्राप्त किया का सकता है। उन्होंने श्री कृष्ण द्वारा भगवत गीता में दिए ज्ञान का ज़िक्र करते हुए कहा कि हमें अपनी अंतर आत्मा से साक्षात्कार करते रहना चाहिए ताकि हम सही और ग़लत में अंतर समझ सकें। अंतरात्मा की सुनेंगे वो आपको कभी ग़लत काम करने नहीं देगी और इसी तरह आप खुद को ईश्वर के नज़दीक पायेंगे और आपको आत्म संतुष्टि प्राप्त होगी। हमें अपने समाज, राष्ट्र और संस्थान के लिए भी अपना योगदान देना चाहिए।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित

*इस अवसर पर कई प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। आठ छात्रों को श्री बलजीत शास्त्री पुरस्कार, 31 छात्रों को डॉ. अशोक के. चौहान पुरस्कार, और 20 छात्रों को गोल्ड मेडल प्रदान किए गए। सोनल धोमने (बी.टेक. सीएसई) को उनके उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए बेस्ट ऑल-राउंडर ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।डॉ. अशोक के. चौहान, संस्थापक अध्यक्ष, एमिटी विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों से जीवन में एक उद्देश्य निर्धारित करने और विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की ओर बढ़ने में योगदान देने का आह्वान किया।*

## संक्षिप्त समाचार

### शांतिपूर्वक मनाई गई होली , छुटपुट घटनाओं को छोड़कर कोई बड़ी वारदात नहीं हुई



**भाटापारा।** शहर व ग्राम क्षेत्र में शांतिपूर्वक होली पर्व मनाया गया। छुटपुट घटनाओं को छोड़कर कोई बड़ी घटना की जानकारी नहीं मिली । थानों में भी बड़े अपराध दर्ज नही किये गये इस वर्ष पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा के निवास पर होली पर्व का प्रतिनिधित्व नपा. अध्यक्ष अश्वनी शर्मा एवं कार्यकर्ताओं के साथ होली मनाई गई । वहीं विधायक इन्द्र साव के निवास पर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा होली खेली गई एवं सभी को शुभकामनांए संदेश दिया । पुलिस परिवार ने भी होली पर्व बितने के बाद उसके अगले दिन होली पर्व में रंगो का त्यौहार मनाया। अमुमन शहर व ग्रामीण क्षेत्र में होली शांतिपूर्वक मनाया गया । पुलिस बल ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये हुए थे जिसका असर शहर व क्षेत्र में देखने को मिला व शांतिपूर्वक होली पर्व मनाया गया।

### खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने शहर में दबिश देकर अनेक होटल व संस्थान का निरीक्षण किया, नमुने संग्रहित

**भाटापारा।** होली त्यौहार को ध्यान में रखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने विभिन्न मिठाई दुकानों व होटलो का सघन निरीक्षण किया इस दौरान कई होटल व दुकानो से गुजिया , पेड़ा ,खुला बेसन का नमुना एकत्र कर विश्लेषण कर जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला ज़ेजा गया है वहां से रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही को अंजाम दिया जायेगा। शहर के कलकत्ता स्वीट्स का उक्त खाद्य एवं औषधि प्रशासन दल ने निरीक्षण किया व नमुने एकत्रित किये । साथ ही दल ने सभी होटल मालिकों को सफाई होटल दुरूस्त रखने सभी खाद्य पदार्थो खासकर मिठाई एवं नमकीन बनाने में अखाद्य रंगो का जिसमें श्री गणेश , गाय छाप रंग का उपयोग नही करने के निर्देश ग्राहको को खाद्य पदार्थो का अवसान तिथि , खाद्य लायसेंस व पंजीयन नंबर देखकर ही पैक्ड खाद्य पदार्थ का क्रय करने कहा गया है। खाद्य पदार्थ में महासमुंद जिला के संकलित खाद्य पदार्थ टाटा संपन्न फाईन बेसन पैक्ड 500 ग्राम बैच नंबर जी वी 5एच ओ 844 डी 01 पैक्ड तिथि 08/08/2025 अवसान तिथि 07/03/2026 को कैली लैब प्राईवेट लिमिटेड ज़ेपाल मध्य प्रदेश के जांच प्रतिवेदन दिनांक 27/01/26 द्वारा असुरक्षित घोषित किया गया है। उसको मद्दे नजर रखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने खाद्य पदार्थ फाईन बेसन ब्रांड टाटा बेसन बैच नं जी वी 5एच ओ 844 डी 01 के विक्रय वितरण एवं भंडारण को भाटापारा क्षेत्र के लिए प्रतिषिद्ध किया गया है।

### साहित्यकार भेले को श्रद्धांजली दी गई



**भाटापारा।** वरिष्ठ साहित्यकार सुशील भेले के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए साहित्य संस्था अभिव्यक्ति के साहित्यकारों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। उनकी लगभग आठ किताबें प्रकाशित हुई थी। पक्षाघात के बावजूद भी वे अंतिम समय तक लेखन कार्य में लग रहे। विदित हो कि सुशील ज़ेले का जन्म भाटापारा की पावन माटी में हुआ था बाद उन्होने रायपुर को अपनी कर्मभूमि बनाया। उनकी सोशल-मीडिया धारावाहिक कोंदा ज़ैंरा के गोठ काफी चर्चित थी। अनेक अखबारों में उन्होंने साप्ताहिक स्तम्भ का लेखन किया। उनके निधन से छत्तीसगढ़ी साहित्य को अपूर्णीय क्षति हुई है। कवि, लेखक के साथ वे पत्रकारिता से भी जुड़े थे। उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में बलदेव भारती, नरेंद्र वर्मा,अजय अमृतांशु, कन्हैया साहू, हेमंत दास अगम,आर पी पटेल, सीमा अवस्थी,निवेदिता वर्मा, चन्द्रकिरण शर्मा,वंदना गोपाल शर्मा, स्वर्णलता त्रिवेदी, मुकेश शर्मा, अनुपम कुमार सिंग,अशोक जायसवाल,चंद्रभान पाल, जगदीश साहू,राज गुप्ता, कुश कुमार, कन्हैयालाल श्रीवास, रामचंद्र वर्मा शामिल थे। उक्ताशय की जानकारी अजय साहू ने दी है।

# भारत की जनगणना 2027 के सफल संचालन हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों का प्रशिक्षण

ब्यूरो चीफ अनिल सिंघानिया





**बेमेतरा।** भारत की जनगणना 2027 के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन के लिए देशभर में जिला स्तर पर अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हो चुका है। इसी क्रम में आज जिलाधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम विधिवत रूप से प्रारंभ हुआ। राज्य जनगणना निदेशालय रायपुर से आई प्रशिक्षक टीम द्वारा जनगणना कार्य हेतु नियुक्त जिला स्तरीय अधिकारियों एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को विस्तृत एवं तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

राज्य मुख्यालय रायपुर से आए प्रशिक्षक सुश्री सुष्मिता स्वान एवं शुभम कुशवाहा ने अधिकारियों को जनगणना की संपूर्ण प्रक्रिया, तकनीकी व्यवस्थाओं तथा फील्ड संचालन से संबंधित बिंदुओं पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। प्रशिक्षण में जनगणना से जुड़े कानूनी प्रावधान, गोपनीयता, डेटा सुरक्षा और कार्य की संवेदनशीलता पर विशेष बल दिया गया।

## पूरी तरह डिजिटल होगी जनगणना 2027

प्रशिक्षण में बताया गया कि यह जनगणना भारत की पहली पूर्णतः डिजिटल जनगणना होगी। इस बार कागज आधारित पारंपरिक प्रणाली के स्थान पर आधुनिक डिजिटल टूल्स का उपयोग किया जाएगा, जिससे आंकड़ों की शुद्धता, पारदर्शिता और त्वरित संकलन सुनिश्चित किया जा सके।

**दो चरणों में संपन्न होगा कार्य**

अधिकारियों को बताया गया कि जनगणना कार्य दो चरणों में सम्पन्न किया जाएगा प्रथम चरण (1 मई 2026 से 30 मई 2026 तक) – मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य। द्वितीय चरण (फरवरी–मार्च 2027) – जनसंख्या की वास्तविक गणना।



प्रशिक्षण में बताया गया कि प्रथम चरण में प्रत्येक भवन एवं आवासीय इकाई का विवरण संकलित किया जाएगा, जबकि द्वितीय चरण में प्रत्येक व्यक्ति की सामाजिक, आर्थिक एवं जनसांख्यिकीय जानकारी दर्ज की जाएगी। जनगणना कार्य के लिए अधिकारियों को मोबाइल एप्लिकेशन, CMMS (Census Management & Monitoring System) पोर्टल तथा HLBC (Houselisting Block Creator) वेब पोर्टल के उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई। इन प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से डेटा प्रविष्टि, निगरानी, ब्लॉक निर्माण एवं प्रगणकों की कार्यप्रणाली का संचालन किया जाएगा। इस बार जनगणना में स्व-गणना (सेल्फ ऐनुमैरेशन ) का विकल्प भी उपलब्ध रहेगा, जिसके अंतर्गत नागरिक स्वयं पोर्टल के माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। घर-घर भ्रमण के दौरान प्रगणक द्वारा उस जानकारी का सत्यापन एवं अनुमोदन किया जाएगा। प्रशिक्षण में यह भी बताया गया कि इस जनगणना में जाति आधारित डेटा संग्रह को भी शामिल किए जाने की संभावना है, जिससे सामाजिक संरचना से संबंधित व्यापक आंकड़े उपलब्ध हो सकेंगे।

**जनगणना कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील - कलेक्टर**

कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रशिक्षण को गंभीरता एवं प्राथमिकता के साथ लें तथा सभी बिंदुओं को भली-भांति समझें। उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है और यह देश के विकास एवं अधोसंरचना विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि जनगणना राष्ट्र की आर्थिक स्थिति एवं सामाजिक संरचना से संबंधित सबसे व्यापक और प्रामाणिक डेटा स्रोत है। प्रशासनिक निर्णयों, नीति निर्धारण, विकास परियोजनाओं की रूपरेखा, लोकसभा एवं विधानसभा सीटों के परिसीमन तथा शासकीय निधियों के न्यायसंगत वितरण में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कलेक्टर ने कहा कि जनगणना के आंकड़ों के आधार पर शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, पेयजल, रोजगार एवं अन्य बुनियादी सेवाओं की प्रभावी योजना बनाई जाती है। अतः सभी अधिकारी इस कार्य को पूर्ण निष्ठा, पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ संपादित करें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री प्रकाश भारद्वाज, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री प्रेमलता पद्माकर, ड्यूटी कलेक्टर दीप्ति वर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाटापारा में लगभग 50 से अधिक स्थानों पर होलिका दहन

## चन्द्र ग्रहण के पेंच फस जाने के कारण बुधवार को लोग खेलेंगे रंग गुलाल की होली

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** फाल्गुन मास में शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को होलिका दहन किया जाता है और होलिका दहन के दुसरे दिन ही लोग रंग गुलाल वाली होली खेलते है। इस साल होलिक दहन और होली खेलने के बीच एक दिन का अंतर रखा गया है चूंकि 03 मार्च के दिन चन्द्र ग्रहण लग रहा है और उसका सुतक काल 9 घंटे पहले माना जाता है इसलिए होलिका दहन 02 मार्च की रात को संपन्न होगा और 4 मार्च दिन बुधवार को रंगो का पर्व होली खेला जायेगा इसको लेकर शहर में होलिका दहन की पुरी तैयारी कर ली गई है व छोटे छोटे बच्चो व युवा वर्ग के लोग संपूर्ण शहर के 50 से अधिक स्थानों पर होलिका दहन के लिए लकड़ी व गोबर का कंडा एकत्र करने में पुरी तन्मयता से जुड़े हुए है। होलिका दहन का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है इसलिए पुरे विधि विधान से होलिका दहन करने के लिए अनेक स्थानों पर विद्वान पंडितो को भी बुलाया गया है इस बीच 03 मार्च दिन मंगलवार को वर्ष का प्रथम चन्द्र ग्रहण लगने के कारण शहर व आस पास के तमाम छोटे बड़े मंदिरों में पूजा पाठ व दर्शन कार्यक्रम पुरी तरह बंद रहेंगे। हालांकि शहर व क्षेत्र में चन्द्र ग्रहण सिर्फ 20 मिनट तक ही देखा जा सकेगा लेकिन ग्रहण काल दोपहर 3 बजकर 20 मिनट से प्रारंभ हो जायेगा और शहर व क्षेत्रवासी शाम को लगभग 6 बजकर 26 मिनट से 6 बजकर 32 मिनट के बीच उदय होने वाले चन्द्रमा का ग्रहण देख सकेंगे। ग्रहण शाम 6 बजकर 47 मिनट पर समाप्त हो जायेगा इसलिए चन्द्र ग्रहण का सुतक काल प्रातः से माना गया है इसके कारण सुबह से ही मंदिर के पट व देवालय बंद हो जायेंगे। सुतक काल के दौरान देवी देवताओं की मूर्ति को छुने ,हंसी मजाक ठिठोली करने जैसे कार्य वर्जित है। ज्योतिष और धर्म के अनुसार ग्रहण काल को अशुभ माना जाता है इसलिए मंदिर व देवालय पुरी तरह बंद रहेंगे।

# बजट प्रदेश की करोडो जनता की आकांक्षाओं और सपनों का प्रतिबिंब है

## भाजपा कार्यालय में सांसद संतोष पांडेय व शिवरतन शर्मा ने ली प्रेस वार्ता

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** स्थानीय गोविंद सारंग स्मृति भाजपा कार्यालय में प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट वर्ष 2026-27 को लेकर राजनांदगांव के भाजपा सांसद संतोष पांडेय की विशेष उपस्थिति में तथा वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा की मौजुदगी में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान संतोष पांडेय ने कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने डबल इंजन भाजपा सरकार के तीसरे कार्यकाल का बजट प्रस्तुत किया है। उसका मूल उद्देश्य संकल्प समावेशी विकास, अधोसंरचना, निवेश, कुशल मानव संसाधन,अंत्योदय, लाइवलीहुड और पॉलिसी से परिणाम तक रहा। संतोष पाण्डेय ने आगे कहा कि अपने उद्देश्य के अनुरूप इस बजट में महिला, युवा, किसान, मध्यमवर्ग के हितों के साथ ही प्रदेश की आर्थिक प्रगति, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि जैसे क्षेत्रों के भी विकास की झलक देखने को मिली। खासकर बस्तर एवं सरगुजा और आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों निवासरत परिवारों और वहां पर्यटन के विस्तार से लेकर स्थानीय निवासियों के सशक्तिकरण के लिए भी बजट में विशेष प्रावधान किये गए। उन्होंने आगे कहा की बजट में कई प्रमुख प्रावधान, योजनाएं एवं निर्णय 2026-27 के बजट में लिए गए हैं जिनसे प्रदेश के हर व्यक्ति, वर्ग एवं क्षेत्र का समुचित विकास सुनिश्चित होने के साथ ही प्रदेश की आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी। उक्त अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा ने अपने सारगर्भित संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास और जनता की आकाँक्षाओं को पूरा करने के साथ ही विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के संकल्प को गति देने हेतु यह बजट प्रदेश के सर्वांगीण विकास, जनकल्याण और आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ के संकल्प को साकार करने वाला दूरदर्शी एवं जनहितैषी बजट है। यह बजट प्रदेश की 3 करोड़ जनता की आकांक्षाओं और सपनों का प्रतिबिंब है। इस बजट में कृषि एवं ग्रामीण विकास के लिए विशेष प्रावधान कर अन्नदाता को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का कार्य किया गया है। साथ ही अधोसंरचना, सड़कों, सिंचाई, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक निवेश कर विकास की गति को और तेज करने का संकल्प लिया गया है। शिवरतन शर्मा ने कहा की युवा शक्ति को रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने, उद्योगों को प्रोत्साहन देने तथा स्टार्टअप एवं कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए ठोस कदम उठाए गए हैं।

महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता के लिए भी अनेक महत्वपूर्ण योजनाओं का विस्तार किया गया है। यह बजट सामाजिक न्याय, सुशासन और पारदर्शिता के सिद्धांतों पर आधारित है। प्रदेश के दूरस्थ एवं वनांचल क्षेत्रों तक विकास की रोशनी पहुँचाने का स्पष्ट विजन इस बजट में दिखाई देता है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट समृद्ध किसान, सशक्त युवा, सुरक्षित महिला और विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान करेगा। उक्त अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव,पूर्व महामंत्री राकेश तिवारी, पूर्व विधायक डॉ.सनम जांगड़े,नपा. अध्यक्ष अश्वनी शर्मा , कृष्णा अवस्थी , दिलीप छाबड़िया, सुनील यदु, आशीष जायसवाल, नंदकिशोर अग्रवाल, योगेश अनंत, राजा कामनानी ,पवन वर्मा, उमाशंकर वर्मा, , सतीश साहू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

अधिवक्ता संघ भाटापारा का निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ

# 13 मार्च को होगा अधिवक्ता संघ भाटापारा का चुनाव

*मोहन केसरवानी मुख्य चुनाव अधिकारी, कैलाश यादव एवं हेमंत साहू सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त*

**भाटापारा।** विगत दिनों अधिवक्ता संघ भाटापारा की सामान्य सभा आयोजित की गई जिसमें प्रत्येक 02 वर्ष में होने वाले नियमित अधिवक्ता संघ भाटापारा के पदाधिकारी के चुनाव हेतु मतदान की तिथि 13 मार्च 2026 को निर्धारित किया गया है। उक्त चुनाव को विधिवत संपन्न कराने हेतु अधिवक्ता मोहन केशरवानी को मुख्य चुनाव अधिकारी एवं कैलाश यादव व हेमंत साहू को सहायक चुनाव अधिकारी सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया है।



अधिवक्ता संघ भाटापारा के अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 28 फरवरी को प्रकाशित किया जा चुका है। उक्त निर्वाचन में अधिवक्ता संघ के कुल 159 सदस्य अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए विभिन्न पदाधिकारी का चयन करेंगे जिसमे अध्यक्ष,सचिव,उपाध्यक्ष,महिला उपाध्यक्ष, सह सचिव, महिला सह सचिव, कोषाध्यक्ष,मीडिया प्रभारी, पुस्तकालय प्रभारी, क्रीड़ा प्रभारी एवं सांस्कृतिक प्रभारी के पद हेतु निर्वाचन कार्य संपन्न कराया जाएगा।

# खम्हरिया स्कूल में विदाई समारोह संपन्न

**भाटापारा।** गत दिनो ब्लॉक के ग्राम खम्हरिया शा पूर्व माध्यमिक शाला में कक्षा 8 वी के छात्रों को विदाई देने के लिए एक भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया। यह आयोजन भावनाओं और हर्षोल्लास से भरा एक यादगार अवसर था। कार्यक्रम की शुरूआत शाला प्रबंध समिति के सदस्यों तथा सरपंच महोदय की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ । शाला प्रबंध समिति से चेतन कुमार साहू, पनमेश्वर यदु , दिनेश यदु, ध्रुव , जानकी यदु ने बच्चों को आशीर्वचन में अपने भविष्य की परीक्षाओं के लिए तैयार होने को कहा, यहां तक का सफर आसान था शिक्षक वर्ग से अमित कुमार सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए छात्रों को उनके नए सफर की शुरूआत के लिए प्रोत्साहन और ज्ञानवर्धक बातें कहीं। फिर प्रभारी प्रधान पाठक श्रीमती मिश्रा ने विदाई लेने वाले छात्रों की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए उन्हें भविष्य के प्रयासों में सफलता की शुभकामनाएं दीं।



# भाटापारा में जिला मुख्यालय प्रारंभ करने की पुनः मांग की यदु ने



**भाटापारा।** वर्षो से भाटापारा को स्वतंत्र जिला बनाने की मांग क्षेत्र की जनता लगातार कर रही है। और इसको लेकर लंबे समय से धरना प्रदर्शन के माध्यम से भाटापारा वासियों का संघर्ष जारी है। किंतु दुर्भाग्य से सरकार ने जन भावनाओ का सम्मान नही किया जिसके कारण भाटापारा की जनता अपने आप को ठगा सा महसूस कर रही है उक्त बाते सर्व यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु ने कहते हुए कहा है कि भाटापारा को स्वतंत्र जिला शीघ्र बनाया जाना चाहिए।

# राज्य सरकार की आवास नीति से जनता परेशान - गयाराम वर्मा



**भाटापारा।** राज्य की विष्णु देव सरकार आवास हितग्राहियो के साथ छल कर रही है उक्ताशय के आरोप लगाते हुए जिला कांग्रेस महामंत्री गयाराम वर्मा ने कहा है कि राज्य की भाजपा सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर हित ग्राहियो के साथ छल कर रही है। अधिकारियो से सम्पर्क करने पर गोलमोल जवाब दिया जाता है। की आज डलेगा एक सप्ताह बाद डलेगा सरकार का अधिकारियो के उपर भी नियत्रण नही हैं। छत्तीसगढ़ सरकार साय साय विकास का ढोल पीट रही है जबकि हकीकत कुछ और है।

# आदित्य सेठी ने उत्कृष्ट अंको के साथ सीए की परीक्षा उत्तीर्ण की



भाटापारा। शहर के प्रतिष्ठित नागरिक व सिख समाज के वरिष्ठ सदस्य सुशील सेठी के पुत्र आदित्य सेठी ने चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा उत्कृष्ट अंकों से उत्तीर्ण कर समाज, नगर व परिवार का नाम रोशन किया है। आदित्य सेठी की सफलता पर हरिश सेठी, प्रेम सेठी, कमल सेठी, अशोक सेठी, गुरु सेठी, दीपक सेठी, विवेक सेठी, आयुष सेठी, संदीप सेठी, सरदार मनमहेंद्र चावला, गुलशन सचदेव, सरदार भाग सिंह सलूजा, बलवंत सिंह सलूजा,अमरजीत सलूजा, राजा गुंबर, हर भगवान गुंबर, विजय आनंद, जोंटी गुंबर, कुलवंत गुंबर, बंटी अरुण छाबड़ा, सतीश राजपाल, गुरमीत गुंबर, मनेन्द्र सिंह गुंबर, मनजीत सिंह सप्पल, बयांत सिंह खालसा, सहज गुंबर सहित समाज के अन्य लोगो ने बधाई दी है।

# 1 मार्च को ब्राम्हण समाज नारी प्रकोष्ठ द्वारा व्यंजन मेला का आयोजन

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** होली महापर्व की पूर्व संध्या पर इस वर्ष नगर में उमंग एवं उल्लास से भरे भव्य व्यंजन मेले का आयोजन किया जा रहा है। व्यंजन मेला एवं हाट बाजार क ा आयोजन कान्यकुब्ज भवन पुष्प मंगलम मे किया गया है। अखंड ब्राम्हण समाज सेवा समिति नारी प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित इस महाआयोजन मे एक ओर जहां होली महापर्व के मद्देनजर व्यंजनों की बहार नजर आयेगी वहीं रंगोत्सव के लिए रंग गुलाल पिचकारी के स्टॉल भी सजे हुए नजर आयेंगे। इसके अलावा अन्य विविध तरह के पकवानों से सजे इस मेला मे कलाकृति से जुड़े सामाग्री के साथ ही विविध वस्त्र ज्वैलरी की मनोरम झांकी भी हाट बाजार के रुप मे नजर आएगी। विविध तरह की रचनात्मक गतिविधियां एवं मनोरंजन से जुड़े आयाम भी व्यजन मेला एवं हाट बाजार की शोभा बढ़ाएंगे।आयोजन मे विशिष्टजनों की उपस्थिति के साथ ही समस्तजनों की व्यापक भागीदारी की संभावना है,सुबह दस बजे से रात्रि दस बजे तक आयोजित होने वाले व्यंजन मेला एवं हाट बाजार मे अधिक से अधिक भागीदारी का आव्हान समिति के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ सदस्यों द्वारा किया गया है। उक्ताशय की जानकारी मीडिया प्रभारी ममता दीवान एवं सरितारानी शर्मा द्वारा दी गई है।

# राज्यसभा में रविदास समाज अनुसूचित जाति को प्रतिनिधित्व देने की मांग

ब्यूरोचीफ नरेन्द्र कुमार सेन

**गरियाबंद।** शिरोमणि रविदास गुरू रविदास विश्व महापीठ छत्तीसगढ़ के द्वारा छत्तीसगढ़ से आगामी समय में राज्यसभा के सदस्यों के निर्वाचन में छत्तीसगढ़ से रविदास सामाज अनुसूचित जाति के किसी एक सदस्य को प्रतिनिधित्व देने की मांग को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा श्री नितीन नबीन व प्रदेश अध्यक्ष श्री किरण सिंह देव जी एवम् राष्ट्रीय अध्यक्ष कांग्रेस श्री मति सोनिया गांधी व प्रदेश अध्यक्ष श्री दीपक बैज सहित अन्य नेताओं को पत्र लिखा। रविदास समाज (अनुसूचित जाति वर्ग) को राज्य निर्माण के 26 वर्षों बाद भी द्वारा लंबे समय से प्रतिनिधित्व नहीं मिल पा रहा है। छत्तीसगढ़ में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित 10 विधानसभा सीट व 1 लोकसभा सीट में एक भी प्रतिनिधि रविदास समाज का नहीं है। रविदास समाज (अनुसूचित जाति वर्ग) द्वारा लंबे समय से उपेक्षा का हवाला देते हुए संसद



**शिरोमणी श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ छत्तीसगढ़ ने भाजपा व कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष को लिखा पत्र**

के उच्च सदन, राज्यसभा में उचित प्रतिनिधित्व (मनोनयन या चुनाव के माध्यम से) देने की मांग की जा रही है। इस मांग का उद्देश्य समाज के हाशिए पर पड़े वर्गों को मुख्यधारा की राजनीति में सशक्त बनाना और सामाजिक-आर्थिक विकास सुनिश्चित करना है। प्रदेश प्रवक्ता श्री बुद्धेश्वर सोनवानी ने बताया छत्तीसगढ़ में संत रविदास के अनुयायियों ( चमार मेहर मोची अहिरवार सूर्यवंशी जाटव सरगुजिया ) का इतनी बड़ी आबादी होने के बावजूद, उन्हें उचित राजनीतिक प्रतिनिधित्व नहीं मिल रहा है। राज्य सभा सदस्य मांग का उद्देश्य सामाजिक न्याय को बढ़ावा देना, जातिगत छुआछूत जैसी कुरीतियों को समाप्त करना और समाज को मुख्यधारा की राजनीति में लाना।

# सीएचसी साजा में 8 हितग्राहियों का हुआ सफल पुरुष नसबंदी ऑपरेशन




ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखमरिया।** स्वास्थ्य विभाग बेमेतरा जिला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साजा में परिवार नियोजन कार्यक्र म के तहत 28 फरवरी 2026 को 8 हितग्राहियों का पुरुष नसबंदी ऑपरेशन किया गया। यह ऑपरेशन कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमृत लाल रोहलेडर के मार्गदर्शन में तथा खंड चिकित्सा अधिकारी साजा डॉ. अश्वनी वर्मा के नेतृत्व में शल्य चिकित्सक डॉ. सतीश चंद्रवंशी द्वारा किया गया, जो कि पूर्णतः सफल रहा।

"छोटा परिवार खुशहाल परिवार" के संदेश को जिला बेमेतरा के लोग साकार कर रहे हैं। एक निश्चित पैमाने पर जनसंख्या समाज की उपलब्धि है। जिला बेमेतरा में कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के निर्देशानुसार पुरुष नसबंदी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले में पुरुष नसबंदी ऑपरेशन आयोजित किए जा रहे हैं।

गांव-गांव में स्वास्थ्य विभाग द्वारा "मोर मितान मोर संगवारी" सम्मेलन के माध्यम से पुरुष नसबंदी ऑपरेशन को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया है।

पुरुष नसबंदी ऑपरेशन को "स्वस्थ मां, स्वस्थ बच्चा, जब पति का हो परिवार नियोजन में योगदान अच्छा" की थीम पर चलाया जाता रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमृत लाल रोहलेडर द्वारा बताया गया कि पुरुष नसबंदी में मात्र 10 मिनट का समय लगता है एवं नसबंदी के तुरंत बाद घर जा सकते हैं। पुरुष नसबंदी के पश्चात सामान्य कार्य प्रारंभ कर सकते हैं।

जिला बेमेतरा में पुरुष नसबंदी ऑपरेशन की सुविधा जिला चिकित्सालय बेमेतरा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेरला एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खंडसरा में प्रदान की जाती है, जिसमें अधिक से अधिक संख्या में हितग्राहियों को लेकर आने एवं जागरूकता के उद्देश्य से "मोर मितान मोर संगवारी चौपाल" के माध्यम से स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा लक्ष्य दंपत्ति की ग्रामवार सूची तैयार कर आयोजन किया जाता रहा है।

# धान का कटोरा कहे जाने वाले हमारे प्रदेश के विकास की मजबूत नींव हमारे मेहनतकश अन्नदाता हैं - शिवरतन शर्मा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू




**भाटापारा।** स्थानीय डीके कृषि महाविद्यालय में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा ने कहा कि आज प्रदेश के अन्नदाताओं के खाते में खुशियाँ पहुंची है। पिछले तीन वर्षों में भाजपा सरकार का हर निर्णय किसानों के सम्मान और उनकी समृद्धि को समर्पित रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा धान के अंतर राशि का एकमुश्त अंतरण, 10,000 करोड़ सीधे 25 लाख से अधिक अन्नदाताओं के खातों में पहुंचाना ऐतिहासिक कदम है। यह अन्नदाता के परिश्रम का सम्मान है। मैं मुख्यमंत्री का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं, यह निर्णय किसान हितैषी सोच और दृढ़ नेतृत्व का प्रमाण है। प्रदेश के सभी किसान भाई-बहनों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उक्त बाते वरिष्ठ भाजपा नेता छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने भाटापारा अंतर्गत दाऊ कल्याण सिंह कृषि महाविद्यालय में आयोजित कृषक उन्नति योजना,आदान राशि वितरण समारोह में सम्मिलित होकर कृषको से संवाद कर कही। शिवरतन शर्मा ने कहा की यह राशि किसानों की मेहनत का सम्मान और उनकी समृद्धि के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है, त्योहारों की खुशियों से पहले सरकार ने आर्थिक सशक्तिकरण का यह संकल्प सुनिश्चित किया कि इस बार अन्नदाताओं की होली समृद्धि के रंगों से सराबोर हो। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा की होली पर्व के अवसर पर यह सहयोग किसान परिवारों के जीवन में समृद्धि का रंग भरेगा और उनका त्योहार और भी अधिक खुशहाल होगा, धान का कटोरा कहे जाने वाले हमारे प्रदेश के विकास की मजबूत नींव हमारे मेहनतकश अन्नदाता हैं और सुशासन की यह सरकार प्रदेश के किसानों को सशक्त, समृद्ध और सुरक्षित भविष्य देने हेतु निरंतर प्रतिबद्ध हैं। उक्त अवसर पर आनंद यादव, सुनील यदु, राजा जायसवाल, सविता प्रदीप अनंत, ज़ेला वर्मा, दिलीप छाबड़िया, पवन वर्मा, डब्लू ठाकुर, राजेश पटेल, ठाकुर राम साहू, राजू यादव, सतीश सोनी, रोहित साहू, टिक्की वर्मा, बृजेश निषाद, सेवक साहू, लेखु वर्मा, बृधेश्वर वर्मा, भरत साहू, ज़ेला देवांगन, संतोष चक्रधारी सहित पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्तता व अन्नदाता कृषक एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# धुर्राबांधा में नवधा रामायण संपन्न

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** शहर से 9 किलोमीटर दुर ग्राम धुर्राबांधा में 73 वां वर्ष श्री अखण्ड नवधा रामायण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें समस्त ग्रामवासी व गांधी चौक युवा समिति के सभी सदस्यों ने मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान रामचंद्र की पूजा अर्चना कर समस्त ग्रामवासी के लिए सुख समृद्धि की कामना की। साथ ही गांधी चौक के सभी युवाओं ने आयोजक समितियों के साथ अपना सहयोग प्रदान करने वालो के प्रति आभार प्रकट किया। आयोजन में लोगो को प्रभु राम की कथा सुनने का अवसर मिला। उक्त अवसर पर कलेशर, मोहन लाल, अशोक मुन्ना वर्मा, हेमंत वर्मा, मंजू हेमचंद वर्मा, कन्हैया वर्मा, कामता वर्मा, कमलेश वर्मा, नंदकिशोर, कृपा राम, टेकराम, प्रमोद वर्मा, सुखरतन, रामु, पिलाराम, दुखीत, जगदीश, मालीकराम, राकेश, विनोद, बलराम, मुकेश,सोनू,अजय, हेमंत, डाकेश्वर, उमेश, एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। उक्ताशय की जानकारी केएल वर्मा ने दी है।



# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को लेकर बैठक आयोजित



ब्यूरो चीफ अनिल सिंघानिया

**बेमेतरा।** जिला पंचायत सीईओ प्रेमलता पदमाकर की उपस्थिति में महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान की वर्तमान प्रगति, चुनौतियों एवं आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान बाल विवाह की रोकथाम हेतु ग्राम स्तर पर सतत निगरानी, जनजागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सुपरवाइजरों एवं संबंधित विभागों के समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए गए। विशेष रूप से विवाह सीजन के दौरान सतर्कता बढ़ाने, संदिग्ध मामलों की त्वरित सूचना देने तथा आवश्यकतानुसार तत्काल हस्तक्षेप सुनिश्चित करने पर बल दिया गया।

सीईओ ने निर्देशित किया कि स्कूलों, पंचायतों एवं ग्रामीण समुदाय के माध्यम से बाल विवाह के दुष्परिणामों के संबंध में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाए। किशोरी बालिकाओं के पंजीयन, उनके स्वास्थ्य परीक्षण तथा शासकीय योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया को भी प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए।

बैठक में यह भी कहा गया कि बाल विवाह की रोकथाम केवल प्रशासनिक दायित्व नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी है। इसके लिए समाज के सभी वर्गों—जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, महिला समूहों एवं युवाओं—की सक्रिय सहभागिता आवश्यक है।

अंत में विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अभियान के तहत की जा रही गतिविधियों की नियमित समीक्षा करते हुए निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के उद्देश्य को साकार किया जा सके।




## संक्षिप्त समाचार

### छग के राज्यसभा सीटों पर यादव समाज से प्रत्याशी बनाकर जनसंख्या के अनुपात में प्रतिनिधित्व प्रदान करें - रमेश यदु

**भाटापारा।** छत्तीसगढ़ में यादव समाज की जनसंख्या के अनुपात में प्रतिनिधित्व को लेकर लगातार राजनितिक दलों से समाज की उपेक्षा का सवाल उठते रहा है, आगामी राज्य सभा सदस्य निर्वाचन में भी समाज के द्वारा दोनों दलों से प्रत्याशी बनाए जाने की मांग जोर पकड़ रहा है, इस संबंध में सर्व यादव समाज छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु के द्वारा प्रदेश के दोनों प्रमुख दलों के शीर्ष नेताओं को पत्र लिखकर यादव समाज से राज्य सभा प्रत्याशी बनाए जाने की मांग किया है। इस संबंध में यदु ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य गठन होने के पश्चात से यादव समाज का निरंतर उपेक्षा राजनैतिक पार्टियो द्वारा की जा रही है।

### राजपूत क्षत्रिय महासभा का स्थापना दिवस मनाया गया



**भाटापारा।** गत दिनों भाटापारा उपसमिति में राजपूत क्षत्रिय महासभा रहटादह पंजीयन क्रमांक 1282 का स्थापना दिवस मनाया गया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपसमिति के पदाधिकारी गण, महिला मंडल ,युवा मंडल और सम्माननीय सदस्य गण उपस्थित थे। कार्यक्रम में संजय सिंग ठाकुर अध्यक्ष सहित अन्य वक्ताओं ने समाज के मजबुती के लिए एकजुटता से कार्य करने पर जोर दिया।

### बालात्संग के आरोपी को 10 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई



**भाटापारा।** ग्राम सतभांमा निवासी नेहरू लाल वर्मा को पीड़िता के साथ शादी का झांसा देकर लगातार बालात्संग करने और फिर शादी से इंकार करने के कारण अपर सत्र न्यायाधीश सतीश कुमार जायसवाल ने 10 वर्ष का कठोर कारावास एवं आर्थिक दण्ड से दंडित किया है। उपरोक्त संबंध में अपर लोक अभियोजक कैलाश यादव ने उक्त प्रकरण के बारे मे बताया है कि पीड़िता ने 16 मार्च 2020 को थाना में उपस्थित होकर लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी नेहरू लाल वर्मा ने मार्च 2019 से 06 जनवरी 2020 तक शादी का झांसा देकर उसके साथ लगातार शारीरिक संबंध बनाकर शारीरिक शोषण किया तथा शादी करने की बात पर विश्वासघात करते हुए शादी से इंकार कर दिया। पीड़िता की लिखित रिपोर्ट के आधार पर थाना में एफ आई आर दर्ज कर गवाहों के कथन लेख, जप्ती, मुलाहिजा आदि घटना की विवेचना पूर्ण कर चालान न्यायालय के समक्ष पेश किया। जिसमें न्यायालय में सभी गवाहों के कथन लेखबद्ध किया गया तथा अपर लोक अभियोजक कैलाश यादव ने अंतिम बहश में ऐसे अपराध के लिए आरोपी को कठोर दंड दिये जाने का निवेदन किया ताकि कोई भी आरोपी इस प्रकार का अपराध न करें। अपर सत्र न्यायाधीश सतीश कुमार जायसवाल द्वारा प्रकरण की गंभीरता, अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य और गवाहों का परिशीलन करते हुए आरोपी नेहरू लाल वर्मा को धारा 376 भा. द. सं. में 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500 रुपये अर्थदंड की सजा से दंडित किया। उक्त प्रकरण की विवेचना उपनिरीक्षक रोशन सिंह राजपूत एवं शासन के लिए पैरवी अपर लोक अभियोजक कैलाश यादव ने किया।

# लगभग 7 लाख रूपये की साईबर ठगी करने वाले को भाटापारा पुलिस ने राजस्थान से पकड़ा ,घटना ग्राम तरेंगा निवासी युवती की

ब्यूरोचीफ संतोष साहू





**भाटापारा।** शहर से 5 किलोमीटर दुर ग्राम तरेंगा की एक युवती से 6 लाख 25 हजार 239 रूपयें की साईबर ठगी के आरोप में पुलिस ने राजस्थान प्रांत के जयपुर से दो आरोपियों को पकड़ा है। उपरोक्त संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम तरेंगा निवासी भुनेश्वरी ने थाना पहुंचकर रिपोर्ट लिखाई थी कि उसके मोबाईल फोन के इंस्टाग्राम में एक सस्ते दर में कपड़ा खरीदी का विज्ञापन आया था जिसक ो भुनेश्वरी साहू ने क्लीक किया जिसके बाद एक मैसेज का प्रदर्शन हुआ जिसपर भुनेश्वरी साहू ने कपड़ा एवं कुर्ती की कीमत पुछकर क्यु आर कोड के जरिये 16 सौ रूपयें का भुगतान किया उसके बाद विभिन्न तरीको से कम कीमत में कुर्ती खरीदने तथा रकम वापस करने का विभिन्न स्कीम का लालच देकर भुनेश्वरी साहू को झांसा देते हुए आरोपियों द्वारा साईबर ठगी करके 6 लाख 25 हजार 239 रूपयें जमा करा लिये गये और किसी प्रकार का पैसा वापस नही किया गया। इस बात की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 318(4) एवं 66 (डी) आई टी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर जांच प्रारंभ की व साईबर सेल की मदद से इंस्टाग्राम आईडी की मदद से साईबर ठगी करने वाले आरोपियों की तलाश शुरू की गई। साईबर टीम ने भुनेश्वरी साहू से संपर्क करने वाले इंस्टाग्राम आईडी एवं रकम ट्रासंफर करने के लिए उपयोग किये गये क्यूआर कोड के संबंध में बारीकी से तकनीकी विश्लेषण किया जिसमें ज्ञात हुआ कि राजस्थान प्रांत के जयपुर से साईबर ठगी का रैकेट संचालित किया जा रहा है। आरोपियों के संबंध में इनपुट मिलते ही भाटापारा पुलिस एवं साईबर सेल की संयुक्त टीम ने जयपुर राजस्थान में दबिश देकर दो लोगो को हिरासत में लिया व पूछताछ शुरू की जिसमें उक्त दो लोग पुलिस के समक्ष टुट गये व इन्स्टाग्राम आईडी का उपयोग करके व साईबर ठगी का अपराध करना स्वीकार किया। आरोपियों के संबंध में यह ज्ञात हुआ कि उन्होंने भाटापारा के भुनेश्वरी साहू के साथ जिस प्रकार ठगी की है वैसे ही देशभर के 17 अलग राज्यों में साईबर ठगी की घटना को अंजाम दिया है। इस तरह उक्त दोनो युवको के विरूद्ध कुल 181 मामले सामने आये भाटापारा पुलिस टीम द्वारा आरोपियों से साईबर ठगी में इस्तेमाल विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स एवं एक स्कॉर्पियों चार पहिया वाहन जब्त किया गया साथ ही इस पुरे चैनल में शामिल अन्य आरोपियों के संबंध में भी पुलिस पूछताछ कर रही है। पकड़े गये आरोपियों में रविन्दर मीणा निवासी ग्राम गोकुलपुरा ,तहसील बस्सी, जिला जयपुर राजस्थान तथा रामकिशोर मीणा निवासी ग्राम गोकुलपुरा भूमि हवाली ढाणी, तहसील बस्सी,जिला जयपुर राजस्थान शामिल है। आरोपियों द्वारा इंस्टाग्राम आईडी प्रमोशनल एडवर्टाइज के जरिए इंस्टाग्राम प्लेटफार्म के सभी यूजर्स को उक्त आईडी के माध्यम से कम कीमतों में कपडे खरीदने का ऑफर देते हैं। इसके बाद पेमेंट कैश आन डिलीवरी की सुविधा नहीं होना बताकर क्यूआर कोड के माध्यम से पैसा डलवाया जाता है। तत्पश्चात बिलिंग चार्ज, जीएसटी चार्ज, डिलीवरी चार्ज, रिफंड चार्ज आदि के नाम पर धोखाधड़ी करते हुए पैसा वसूला जाता है। आरोपियों द्वारा इंस्टाग्राम में महिलाओं के कपड़े, लहंगे, सूट आदि के लिए फर्जी आईडी बनाया जाता है तथा संपर्क होने पर व्हाट्सएप नंबर से ऑनलाइन व्हाट्सएप चैटिंग करते हुए लोगों को अपने झांसे में लिया जाता है। इस प्रकार आरोपियों द्वारा फेक इंस्टाग्राम आईडी के जरिए सस्ते दर में महिलाओं के कपड़े आदि उपलब्ध कराने का झांसा देते हुए लोगों से साइबर ठगी किया जाता है।

# सिख संगठन की धार्मिक यात्रा को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** छत्तीसगढ़ सिख संगठन द्वारा आयोजित हजूर साहिब नांदेड़ एवं गुरुद्वारा नानक झीरा बिदर की निशुल्क धार्मिक यात्रा को रवाना किया गया उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि दीपक बैज, मलकीत सिंह गेंदु ,गुरूमुख सिंह होरा , कुलदीप जुनेजा , महेंद्र सिंह छाबड़ा, गुरप्रीत सिंह बाबरा , अमरजीत सिंह चावला कुलदीप सिंह चावला एवं छत्तीसगढ़ सिख संगठन के प्रदेश संयोजक अरूण छाबड़ा बंटी ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा का शुभारंभ किया। जत्थेदार संयोजक हरपाल सिंह भांमरा प्रदेश अध्यक्ष दलजीत सिंह चावला ने बताया कि इस वर्ष यात्रा अपने 25वें वर्ष में प्रवेश कर चुकी है, जिसमें छत्तीसगढ़ के सिख, सिंधी एवं हिंदू श्रद्धालु शामिल है। लगभग 1200 संगत इस यात्रा का हिस्सा बनी है, जिसके लिए 15 बसें एवं 4 ट्रक की व्यवस्था की गई है। नांदेड़ साहिब के ऐतिहासिक गुरुद्वारों के दर्शन, जिनमें गुरुद्वारा माता साहिब कौर, शिकार घाट, नानकसर, रतनगढ़, हिरा घाट, माल टेकरी एवं लंगर साहिब, सचखंड हजूर साहिब में होला महल्ला का आयोजन होगा, जिसके बाद यात्रा बिदर रवाना होगी, संगत गुरुद्वारा नानक झीरा बिदर में आयोजित कीर्तन दरबार में शामिल होगी। इसी स्थल पर गुरु नानक देव जी ने टीले से पत्थर हटाकर मीठे जल का प्रवाह किया था। 7मार्च यात्रा सुबह रायपुर पहुंचेगी। इस यात्रा के प्रमुख सेवादार इस धार्मिक यात्रा का सफल संचालन करने वाले प्रमुख सेवादारों में जत्थेदार संस्थापक हरपाल सिंह भामरा संयोजक अरूण छाबड़ा प्रदेश अध्यक्ष दलजीत सिंह चावला, गुरुचरन सिंह टैंक, जस्सी सिंह, गुरुज़ेज सिंह, सागर सिंह, मनोज छाबड़ा आशु राजपाल, मुरली खेमलानी, राजविंदर सिंह खालसा, रोहित, मोनू सलूजा, यसवंत सिंह सहित बड़ी संख्या से समाज के प्रमुख और अन्य लोग शामिल हुए।

# स्व सहायता समूह एवं मां दंतेश्वरी मानस महिला मंडली ने मनाया होली मिलन समारोह

ब्यूरो चीफ अनिल सिंघानिया







थानखमरिया। स्व सहायता समूह एवं मां दंतेश्वरी मानस महिला मंडली द्वारा राधा-कृष्ण जमात मंदिर परिसर में होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता चंदन अग्रवाल रहीं, जिन्होंने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्व सहायता समूह की प्रमुख सरोज सिन्हा एवं संतोषी कुंभकार ने दुपट्टा पहनाकर उनका स्वागत किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता अग्रवाल ने कहा कि होली का पर्व आपसी भेदभाव मिटाकर प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश देता है। यह पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है, जिसका संबंध प्रह्लाद और होलिका की पौराणिक कथा से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि होली हमें स्वयं के प्रति दयालु बनने, पुरानी गलतियों को भुलाकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। कार्यक्रम के संयोजक अनिल सिंघानिया ने कहा कि होली अच्छाई की बुराई पर जीत का उत्सव है। यह पर्व हमें सिखाता है कि जीवन में कितनी भी कठिनाइयां आएं, सत्य और विश्वास के मार्ग पर चलकर हर परिस्थिति से बाहर निकला जा सकता है। उन्होंने इसे सामाजिक एकता और सद्भाव का प्रतीक बताया।



समारोह के दौरान महिलाओं द्वारा कृष्ण भक्ति गीत एवं फाग गीतों की सुंदर प्रस्तुति दी गई, जिसे सुनकर उपस्थित जनसमूह भाव-विभोर हो गया। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और पर्व का आनंद लिया।

इस अवसर पर गोदावरी मिश्रा, अन्नपूर्णा वैष्णव, मीना नामदेव, रेखा शर्मा, विद्या साहू, सुखमन कुंभकार, सत्या निर्मलकार, सीता साहू, शिवकुमार कुंभकार, ममता सेन सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : नारायण भूषणिया द्वारा डीबी कार्प लिमिटेड प्लाट नंबर-40/44 इंड्रस्ट्रीयल एरिया बीरगांव उरला रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कराकर एच.डी.डी./49, फेस-2 मेन रोड, कबीर नगर रायपुर से प्रकाशित, संपादक-नारायण भूषणिया मो.नं. 09300491602, RNI पंजीयन क्रमांक: CHHHIN/2010/34778, Email ID- krantirath.cg@gmail.com, / web- www.krantirath.com